हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024



# आज नामांकन भरेंगे पांडे, सीएम साय के साथ मौजूद रहेगा पूरा मंत्रिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल द्वारा नामांकन दाखिले के बाद अब कल गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे भी अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं। पांडे के नामांकन दाखिले को भव्य बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित पूरा मंत्रिमंडल उपस्थित रहने वाला है। सीएम पहले एक जनसभा को संबोधित करेंगे, उसके बाद रोड-शो निकालते हुए प्रत्याशी कलेक्टोरेट पहुंचेंगे। नामांकन के दो दिन बाद छह अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह का कवर्धा दौरा भी तय हो गया है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव लोकसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने आज अंतिम अवसर है। दोपहर तीन बजे तक ही नामांकन दाखिले की प्रक्रिया की जाएगी। यही कारण है कि आज भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे अपना दूसरा नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। किसी भी त्रुटि होने पर फार्म के रिजेक्ट होने से बचने के लिए पांडे पहले ही एक नामांकन फार्म जमा कर चुके हैं। इधर नामांकन रैली को सफल बनाने के लिए जिला भाजपा ने भी अपनी तैयारियां कर ली है। सभी विधानसभा से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं को जिला मुख्यालय बुलाया जा रहा है। वहीं जिन रूट से नामांकन रैली निकलने वाली है, वहां भी गर्मी को देखते हुए तैयारियां कर ली गई है। प्रदेशभर से आ रहे वरिष्ठ नेताओं के साथ ही लोकसभा क्षेत्र के भी भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता आज नामांकन रैली में शामिल रहने वाले है।

## शिवनाथ वाटिका में जनसभा के बाद शहर में निकलेगी नामांकन रैली, जिलेभर से आएंगे लोग

### प्रदेश प्रभारी रहेंगे मौजूद

इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव, लोकसभा कलस्टर प्रभारी राजेश मुणत, नारायण चंदेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी सहित पार्टी के अनेक दिग्गज नेता, मंत्रिमंडल के सदस्य व विधायकगण उपस्थित रहेंगे।



### बैठक कर बनी रणनीति

आज के आयोजन को सफल बनाने के लिए भाजपा के प्रत्येक मंडलों व शक्ति केंद्रों से कार्यकर्ता स्वयं के साधन से आवे इस तरह की रणनीति पर काम किया गया है। आयोजन को सफल करने कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारी दी गई हैं तथा नेताओं ने मण्डल स्तर पर बैठके लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया हैं।

### इस रूट से निकलेगी रैली

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी नामांकन रैली के पूर्व लखोली नाका चौक के समीप शिवनाथ वाटिका में एक बड़ी सभा आयोजित की गई हैं सभा पश्चात रैली निकाली जाएगी जो शिवनाथ वाटिका से प्रारंभ होकर पुराना गंज चौक, तिरंगा चौक, भारत माता चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाइन से मानव मंदिर चौक होते हुए पुराना अस्पताल के समीप गुरुद्वारा चौक पहुचकर समाप्त होगी।

## अब तक 241 ने लिया नामांकन फार्म, आज तीन बजे तक ही लिया जाएगा फार्म

# मजदूर, किसान और गृहणियों सहित 210 लोगों ने लिया नामांकन फार्म, दाखिले का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के मैदान में उतरने से पहले ही हाइप्रोफाइल बन चुकी राजनांदगांव लोकसभा सीट अब एक ही दिन में दो सौ से अधिक लोगों के नामांकन फार्म लेने को लेकर चर्चा में आ गई है। राजनांदगांव लोकसभा सीट के मैदान में उतरने के लिए बुधवार को अगल-अलग विधानसभा से पहुंचे कुल 210 लोगों ने नामांकन लिया। अब आज नामांकन दाखिले के अंतिम दिन कितने लोग फार्म दाखिल करते हैं, यह देखने योग्य होगा।

बीते दिनों अपने गृह ग्राम पाटन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेन ने जनता को संबोधित करते कहा था कि यदि चुनाव में 384 से अधिक प्रत्याशी होंगे तो मतदान ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से होंगे। उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक संख्या में नामांकन दाखिल करने भी कहा था। अब इस बयान का असर राजनांदगांव लोकसभा में देखने को मिल रहा है। दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव लोस में नामांकन लेने बुधवार को दिनभर में 210 लोग पहुंचे। इनमें अधिकांश लोग कांग्रेसी कार्यकर्ता हैं। इनमें खुज्जी से 48, डोंगरगढ़ से 64, खैरागढ़ से 93, डोंगरगांव से 3 लोगों ने नामांकन फार्म लिए। अब तक इस सीट से 241 लोगों ने नामांकन फार्म लिया है। ज्ञात हो कि इस सीट से ही पूर्व सीएम भूपेश बघेल कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

### क्या कहता है नियम

*निर्वाचन आयोग के नियम अनुसार यदि किसी लोकसभा क्षेत्र में 384 से अधिक उम्मीदवार हैं, तो चुनाव मतपत्र यानी बैलेट पेपर के माध्यम से होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि एक ईवीएम में अधिकतम ईवीएम नोटा सहित अधिकतम 64 उम्मीदवारों के लिए आवेदन कर सकती है। एक बैलेटिंग यूनिट में 16 उम्मीदवारों के लिए प्रावधान है, यदि उम्मीदवारों की कुल संख्या 16 से अधिक है, तो दूसरी बैलेटिंग यूनिट को पहली बैलेटिंग यूनिट के समानांतर जोड़ा जा सकता है। ये सिलसिला 24 बैलेटिंग यूनिट यानी नोटा सहित 384 उम्मीदवारों तक जा सकता है।*



### सुबह से रही कतार

सुबह 11 बजे नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही फार्म लेने के लिए लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। देखते ही देखते नामांकन लेने वालों की कतार लगने लगी। इनमें हर वर्ग, उम्र और क्षेत्र की महिलाएं व पुरुष शामिल थे। दोपहर तीन बजे तक चली इस प्रक्रिया में अंतिम वक्त तक फार्म लेने वालों की कतार रही। फार्म लेने के लिए मजदूर, किसान, गृहणी, समाजसेवी के साथ ही बढ़ाई का काम करने वाले लोग भी पहुंचे थे। फार्म लेने के लिए कई गांव से लोग एक ही वाहन में भी पहुंचे थे।

### नामांकन लेने 25 हजार जमानत राशि

मिली जानकारी के अनुसार नामांकन फार्म जमा करने के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 25 हजार रुपए जमानत राशि के रूप में जमा करनी होगी। जबकि एससी व एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि आधी यानि 12500 रुपए रखी गई है। राष्ट्रीय दलों के उम्मीदवारों को केवल एक प्रस्तावक ही लाना होता है, परन्तु निर्दलीय मैदान में उतरने वाले लोगों को नामांकन दाखिल करने के लिए अपने साथ 10 प्रस्तावक लाना जरूरी है।

### 1996 में उतरे थे सर्वाधिक 32 उम्मीदवार

राजनांदगांव लोकसभा सीट में पहली दफा चुनाव 1962 में हुए थे, तब से अब तक इस सीट में सर्वाधिक 32 उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने का रिकार्ड रहा है। करीब तीन दशक पहले 1996 में हुए लोकसभा चुनाव में कुल 32 प्रत्याशी मैदान में थे। इस चुनाव में भाजपा से अशोक शर्मा ने जीत हासिल की थी। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में 14 प्रत्याशी मैदान में थे। इस बार अब तक 225 लोगों ने नामांकन फार्म ले लिया है।

**आज नामांकन का अंतिम दिन** : देशभर में दूसरे चरण की लोकसभा सीट में नामांकन दाखिले का आज अंतिम दिन है। दोपहर तीन बजे से पहले तक सभी को अपना नामांकन जमा करना होगा। ऐसे में यह देखना रोचक होगा कि एक दिन पहले ही फार्म लेने वाले 210 लोग अंतिम दिन फार्म जमा करने पहुंचते हैं या नहीं। इनमें कितने लोग अंतिम समय से पहले अपना नामांकन जमा कर पाते हैं। नामांकन जमा करने के बाद नाम वापस लेने के लिए भी 8 अप्रैल को दोपहर तीन बजे तक का समय मिलने वाला है।

# बाइक पेड़ से टकराई एक की मौत, दो घायल

## वैवाहिक आयोजन से लौट रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बाईक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे एक की मौत हो गई। वहीं दो घायल हैं, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। बाईक सवार वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे।




पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 अप्रैल को बाईक में सवार होकर तीन लोग वैवाहिक कार्यक्रम में ग्राम कुदूरघाडा गए हुए थे, जहां से वापस अपने गांव लौट रहे थे। वे ग्राम कुदूरघोडा और दोडके के बीच पहुंचे ही थे कि बाईक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिससे बाईक में सवार तीनों को गंभीर चोंटे आई थी। पुलिस के अनुसार इस घटना में रामेश्वर कंवर की मौत हो गई। वहीं पीतांबर कंवर व मानसाय कंवर को चोंट आया है, जिन्हें उपचार हेतु राजनांदगांव चिकित्सालय भेजा गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी शिशुपाल सोनकतलम ने दर्ज कराई है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कल 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वीप कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियों के संचालन के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अधिकारियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं प्रमुखजनों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# तपती गर्मी से मिलेगी स्कूली बच्चों को राहत, अब 11 बजे तक ही पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में पिछले कुछ दिनों से तेज होती धूप और बढ़ते तापमान से अब स्कूली बच्चों को राहत मिलने वाली है। प्रदेश स्तर से एक आदेश जारी किया गया है। जिसके बाद अब सभी जिलों में स्कूलें सुबह 11 बजे तक ही संचालित की जाएगी। हालांकि दो पालियों में लगने वाली स्कूलों के लिए दोपहर 3 बजे तक की राहत दी गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में गर्म हवाओं के आगमन से मौसम गर्म हो गया है। प्रदेश में राजनांदगांव जिला सबसे गर्म शहरों में से एक है। ऐसी स्थिति में सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को भी दिक्कतें हो रही थी। पालक भी लगातार समय में बदलाव की मांग कर रहे थे। इस बीच ही बुधवार को लोक शिक्षण संचालनालय विभाग द्वारा आदेश जारी कर सभी जिलों में इसका 4 से 30 अप्रैल के मध्य पालन कराने कहा है।




### बदलेगा मौसम, 6 के बाद बारिश के आसार

राजनांदगांव जिले में बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री से अधिक पर पहुंच गया है। हालांकि अब मौसम में फिर से बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी हवा के प्रभाव बने रहने के कारण प्रदेश में कल चार अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना अगले 2 दिनों तक नहीं है। 6 अप्रैल से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की सम्भावना है। अप्रैल का द्वितीय सप्ताह गर्मी से कुछ राहत भरा रह सकता है ।

# कौरिनभांठा में दीनदयाल कालोनी के पीछे अवैध प्लाटिंग की तैयारी, निगम टीम ने जेसीबी से उखाड़ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रशासनिक अफसरों के लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने के चलते शहर में एक बार फिर अवैध प्लाटिंग के कारोबार ने तेजी पकड़ ली है। शहर के आसपास इलाकों में थोक में अवैध कालोनाईजरों द्वारा खेतों में मुरूम बिछाकर प्लाटिंग की जा रही है। इधर कौरिनभांठा स्थित दीनदयाल कालोनी के पीछे चल रही अवैध प्लाटिंग में नगर निगम ने आज कार्रवाई की है। अवैध कालोनाईजर द्वारा बनाई गई नाली को जेसीबी से उखाड़ा गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नगर निगम द्वारा थोक में की गई कार्रवाई के बाद से अवैध कालोनाईजरों के होश उड़ गए थे। ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते इस अवैध कारोबार में कमी भी आई थी, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के लागू होने के बाद अवैध कालोनाईजरों द्वारा एक बार फिर से व्यापक पैमाने पर कारोबार किया जा रहा है। बताया जाता है कि राजस्व और निगम के अफसरों की ड्यूटी फिलहाल लोकसभा चुनाव में लगी हुई है। अफसरों की चुनावी व्यस्तता के बीच अवैध कालोनाईजरों द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। निगम सूत्रों ने बताया कि कौरिनभांठा दीनदयाल कालोनी के पीछे भूमि खसरा क्र. 322/2 भूमि पर पंकज शांतिलाल कोठारी राजनांदगांव द्वारा अवैध प्लाटिंग की तैयारी कर मुरूम रोड एवं नाली का निर्माण किया गया था, जो छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग (2) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है, जिस पर कार्रवाई करते निगम की टीम द्वारा उक्त अवैध प्लाटिंग के रोड को जेसीबी के माध्यम से उखाड़कर नाली तोड़ने की कार्रवाई की गई।



### की है कार्रवाई

नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत अवैध कालोनी और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यदि अवैध प्लाटिंग का काम बंद नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**- अभिषेक गुप्ता**
आयुक्त, नगर निगम

**खरीदी बिक्री प्रतिबंधित** : नगर निगम के अफसरों ने दीनदयाल कालोनी के पीछे चल रहे अवैध प्लाटिंग में बनी नालियों को जेसीबी मशीन से उखाड़ने के बाद मौके पर खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने का बोर्ड भी लगा दिया है। अवैध प्लाटिंग करने वाले पंकज कोठारी को नोटिस भी जारी की गई है।

### बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस

निगम टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जांच कर रही है और अवैध प्लाटिंग उखाड़ने के अलावा खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। बगैर स्वीकृत अभिन्यास के आवासीय तथा गैर आवासीय भूखंडों पर क्रय-विक्रय प्रतिबंध करने उप पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है।

## पोस्ट आफिस चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

# मोदी पर महंत की टिप्पणी, भाजपा ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सभा के दौरान किए गए कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। महंत के टिप्पणी की निंदा करते भाजपा नेताओं ने आज पोस्ट आफिस चौक पर पुतला फूंका।

लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नामांकन रैली के दौरान स्टेट स्कूल मैदान में किए गए सभा को संबोधित करते कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर किए गए कथित टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया है। महंत द्वारा प्रधानमंत्री पर कहे गए वक्तव्य की कडी निंदा की जा रही है।



### भाजपा नेताओं की रही उपस्थिति

इधर उक्त प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व से ही बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान मौके पर उपस्थित थे, जिन्होंने पुतला को बुझाने का भी प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, भरत वर्मा, दिनेश गांधी, तरूण लहरवानी, प्रखर श्रीवास्तव, आलोक बिंदल, बंटी लाल, बंटू जैन, गिन्नी चावला, सज्जन सिंह, दामू भूतडा, आशीष जैन, आशीष डोंगरे, पारूल जैन, संगीता मिश्रा, जमुना साहू, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, देवाशीष झा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### पहली लाठी मुझे मारो, बैनर लेकर पहुंचे चौक

महंत के उक्त संबोधन पर अपना विरोध प्रकट करते भाजपा कार्यकर्ता बुधवार शाम लोकसभा चुनाव कार्यालय महाजनवाड़ी से एक रैली के रूप में पोस्ट आफिस चौक पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता अपने साथ कांग्रेस नेता चरणदास महंत का पुतला भी बनाकर रखे हुए थे। साथ ही भाजपा कार्यकर्ता द्वारा मैं हूं मोदी का परिवार पहली लाठी मुझे मारो का बैनर लिए हुए थे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं कांग्रेस नेता श्री महंत का पुतला फूंका।



## खबर संक्षेप

### भिगेश यादव बने ब्लाक इंका के कार्यवाहक अध्यक्ष



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी का विस्तार किया है। वार्ड 1 के पार्षद भिगेश यादव को ब्लाक कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। जानकारी अनुसार अब तक अध्यक्ष के पद पर साकेत दुबे थे। तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद रमेश साहू को अध्यक्ष बनाया गया था। उनका कार्यकाल भी पूर्ण हो गया है किन्तु वह अब तक पद पर आसीन है। लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच 2 अप्रैल को वार्ड 1 के पार्षद भिगेश यादव को कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया।

### बिजली से परेशान ग्रामीण आज करेंगे चक्काजाम

**कल्लू बंजारी।** बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान हो चुके ग्रामीणों ने कल चार अप्रैल को चक्काजाम आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि हाटबंजारी सब स्टेशन के अधीन आने वाले सप्लाई फीडर कल्लू बंजारी, घोठिया मे बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज के कारण जल सप्लाई नहीं हो पा रही है जिससे गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। वही किसान खेतों में लगी रवि फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं जिससे फसल नष्ट होने लगी है। इस संबंध में गत 30 मार्च को ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता कुमर्दा से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया था। कंपनी के एई और डीई ने दो दिन में समस्या के समाधान होने का आश्वासन दिया था जो अब तक यथावत बनी हुई है। ग्रामीणों ने कल 4 अप्रैल को चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।

### मनोरंजन व व्यायाम के सामान हुए कबाड़

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय क स्टेडियम में लाखों रूपये खर्च कर



निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता के चलते व्यायाम एवं मनोरंजन के साधन कबाड में तब्दील हो गए है। इसी प्रकार स्टेडियम के अंदर नगर पालिका के माध्यम से करोड़ो के निर्माण कार्य कराए गए हैं। स्टेडियम में कराए गए कार्य में पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों की भी निधि का उपयोग किया गया है। वर्तमान में स्टेडियम में लगाई गई घास को छोड़कर बाकी सभी सामाग्री टूट फुट चुकी है। लगाई गई सामाग्री का निम्न स्तर का होना बताया जा रहा है। इस मामले में नगर पालिका अधिकारी सीआर शर्मा ने बताया कि उन्हे नेहरू महाविद्यालय स्टेडियम में लगी सामाग्री की टूट फुट की जानकारी नहीं है। स्टेडियम नगर पालिका अंतर्गत नही आता फिर भी जानकारी मिली है कि पार्षद निधि से गार्डन बनाया गया है। वह निरीक्षण करने के बाद सुधारने का प्रयास करेंगे।

### बोरतलाव में नहीं खुला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**डोंगरगढ़।** विधायक दलेश्वर साहू के प्रयास से कांग्रेस सरकार ने बोरतलाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोला था। स्वास्थ्य विभाग की



उदासीनता के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नहीं हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरतालाब के लिए कर्मचारियों की पदस्थापना हो गई है, इन कर्मचारियों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्य कराया जा रहा है। अपेक्षित लाभ नहीं मिलने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक दलेश्वर साहू से मिलकर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालन की मांग रखी है। विधायक से मुलाकात के दौरान सरपंच सरिता मंडावी, रमेश ऊइके, नंदेश्वर उप सरपंच, ईश्वर श्रीवास, रोहित चंद्रवंशी, गणपत लिल्हारे, गंगाराम, कृपाल ठाकरे, प्रकाश मंडावी, अशोक ठाकुर, प्रदीप उजवने, मनीष यादव आदि उपस्थित थे।

### शत-प्रतिशत मतदान की शपथ

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं शत प्रतिशत मतदान करने की छात्र-छात्राओं को




शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती ने शत प्रतिशत मतदान पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे, जनपद सीईओ ठाकुर, बीईओ गर्ग, सहायक प्राध्यापक डॉ. आशा चौधरी, गोपाल कृष्ण यादव, वेद प्रकाश साहू, ओमप्रकाश वर्मा, येशुकृति हजारे, मोनिका, मनीषा भेड़िया, नीलम सिंहा, प्रभात बैस, नितिन शाडिल्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### होली मिलन समारोह में बिखरी खुशियां



**मुसरा।** पेटेश्री में जिला कोशरिया यादव समाज का होली मिलन समारोह एवं सर्किल पेटेश्री का वार्षिक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों ने समाज के विकास के लिए शिक्षा एवं स्वरोजगार पर जोर दिया। अतिथियों ने भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना किया। मुख्य अतिथि कंसुराम यादव थे। अध्यक्षता कार्तिकराम यादव ने किया। विशेष अतिथि महेंद्र यादव सदस्य जिपं, फगुवाराम यादव, शीलुराम यादव, राधेलाल यादव, महेश यादव, कमलेश यादव, राकेश यादव, सुरेंद्र लिल्हारे, विनीता यादव थी। इस मौके पर मुलचंद् यादव, सुदर्शन यादव, बिसम्भर यादव, चिंताराम यादव, गोविंद यादव, जैपाल यादव, धन्ना यादव, पूरण यादव, केदार यादव, अलख राम यादव, दुखहरण यादव, अशोक यादव, बिरेस यादव, मदन यादव, ओमप्रकाश यादव, लखन यादव, रेखचंद् यादव उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक

# नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का करें निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने कहा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक करेंगे।

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन, मतदाता सूची, मानवीय संसाधन की व्यवस्था पोस्टल बैलेट जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अनावश्यक अवकाश नहीं लेंगे। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के ठहरने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, छांव, रैम्प, साफ-सफाई, उपचार सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासकीय कार्यालय में शासकीय कैलेंडर, ऑफिशियल वेबसाईट से जनप्रतिनधियों के फोटोग्राफ्स हटाने के निर्देश दिए।




#### समन्वय से करें काम

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी अधिकारी समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। स्थैतिक निगरानी दल, उडनदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम के दल के कार्यों की लगातार मानिटरिंग करें। उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की रवानगी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ ही संवदेनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन तथा सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति आवश्यक है। उन्होंने वाहन की व्यवस्था ईटीपीबीएस संबंधित कार्य, वेबकास्टिंग, प्रशिक्षण, ईवीएम-वीवीपेट की उपलब्धता, सी-विजिल, मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी, निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम, चिकित्सकीय दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण, पेड न्यूज, मीडिया सेल के संबंध में जानकारी ली।

#### दलों के लिए करें रूट चार्ट

उन्होंने मतदान दलों के लिए रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए, मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी एवं नाश्ता व भोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान डीजे प्रतिबंधित रहेगा। राजनीतिक दलों को प्रचार-प्रसार करने ध्वनि विस्तारक यंत्र, रैली, आमसभा को अनुमति एक महत्वपूर्ण कार्य होगा, इसे समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मेहंदी लगाकर दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश



- छुरिया में स्वीप मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत युद्ध स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में छुरिया विकासखंड में स्वीप मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, बिहान की महिलाओं एवं अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

#### सभी से मतदान करने की अपील

प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मेहंदी की आकृतियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में हम सब का यह नारा है मतदान करने जाना है, मतदान मेरा अधिकार है, छोड़ो अपना सारे काम पहले करों मतदान, आओ मतदान करें, मतदान मेरा अधिकार है, जैसे संदेश मेहंदी के माध्यम से दिए। सीईओ जनपद पंचायत छुरिया नारायण प्रसाद बंजारा ने बताया कि स्वीप मेहंदी कार्यक्रम में लगभग 5000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।

## स्कूटी और बाइक टकराई, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- गंभीरों को किया छुईखदान हास्पिटल रिफर

पैलीमेटा स्थित स्वाथ्य केंद्र के पास स्कूटी और बाइक आपस में टकरा गई। इस घटना में 2 लड़की और एक लड़के को चोट आई। सभी को पैलीमेटा स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद छुईखदान रिफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक बाइक में दो लड़के सुभाष पिता चरण लाल यादव एवं गिरधर पिता जगदीश गंडई से खादी साल्हेवारा जा रहे थे। इसी दौरान स्कूटी सवार खिलेश्वरी धुर्वे पिता चेतन धुर्वे एवं पूजा पिता अनिल अपने घर मंगरकुंड जा रही थी। दोनो गाड़ियों में अचानक टक्कर हो गई। लड़के के पैर पर चोट आई है। दोनों लड़की को भी चोट लगीं है। घायलों को पैलीमेटा उपस्वास्थ केन्द्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार बाद छुईखदान सरकारी स्वास्थ केन्द्र में उपचार के लिए भेज दिया गया। छुईखदान स्वाथ्य केंद्र से जानकारी लेने पर बताया गया कि लड़की को राजनाँदगाँव रिफर किया गया है। लड़के का इलाज किया जा रहा है।



## कोमल जंघेल बने लोकसभा चुनाव के विधानसभा प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व विधायक कोमल जंघेल को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभार सौंपा है। श्री जंघेल को प्रभारी बनाने के बाद शहर एवं ग्रामीण कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह बन गया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपी है जिसको बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे।

उल्लेखनीय है कि श्री जंघेल अनुभवी भाजपा नेता हैं। वह 80 के दौर में बूथ अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में प्रदेश भाजपा के कार्यकारणी सदस्य और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारणी में सदस्य है। भाजपा ने 2022 में उन्हे उप चुनाव में प्रत्याशी बनाया था। तत्कालिन सरकार को जीत के लिए बहुत पसीना बहाना पड़ा था। श्री जंघेल अब तक 5 बार विधानसभा का चुनाव लड चुके है। चुनाव मामूली अंतर से 2 बार हारे तो 2 बार जीत चुके है। भाजपा शासन काल में संसदीय सचिव भी रहे। । उन्हें प्रभारी बनाने पर राकेश ताम्रकार, प्रेमनारायण चंद्राकर, पूरन जंघेल, निजाम सिंह मंडावी, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, अध्यक्ष परसर ठाकरे, आंनद सिन्हा, भावेश कोचर, प्रकाश जंघेल, कृष्णाकांत महोबिया, प्रफुल्ल ताम्रकार, विकेश गुप्ता, विक्की अग्रवाल, संजय अग्रवाल, टुम्मन साहू, केशव वर्मा. भारत वर्मा, नरेंद्र श्रीवास अवध जंघेल, रोशन जंघेल, ललित सोनी, देबसिंग ठाकुर, संतोष ठाकुर, रोहित जंघेल,अनूप वर्मा, बोधन देवांगन सहित अन्य ने बधाई दी है।

## ऑनलाइन सट्टा, 4570 रुपए जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पुलिस ने 1 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर बिरनपुरकला तालाब किनारे बरगद पेड़ के पास मोबाईल से पैसो का दांव लगवाकर ऑनलाईन सट्टा खिलवा रहे जनक कुमार साहू पिता राधेश्याम साहू निवासी बिरनपुरकला को रंगे हाथों पकड़ा।

तलाशी लेने पर आरोपी जनक के कब्जे से नगदी 4570 रुपए, 1 नग सट्टा पट्टी, एक नग डाट पेन, एक नग मोबाईल जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 ,7 ,8 के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया है।

#### मामूली बात पर गाली-गलौज

वार्ड 15 निवासी जीवन दास रात्रे ने अपने पड़ोसी के खिलाफ गाली गलौच करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराया है। श्री रात्रे ने बताया कि उसके बच्चे रात्रि में पढाई करते है इसी समय उनके पडोसी गुड्डू शर्मा, पिंटू शर्मा, मोनू शर्मा पिता स्व मंगल शर्मा की पत्नियों द्वारा हल्ला गुल्ला करते हुए बर्तन मांजा जाता है जिससे बच्चों की पढाई प्रभावित होती है। उन्होंने जब समझाने का प्रयास किया तो गुड्डू शर्मा, पिन्टू शर्मा, मोनू शर्मा ने गाली गलौच किया। इसी दौरान पिन्टू शर्मा ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धारा 294, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## भाजपा की नामांकन रैली आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय कल 4 अप्रैल को जनसमूह के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान भाजपा ने नामांकन रैली का आयोजन किया है, जिसमें डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के 5 हजार लोगों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में मंगलवार को सभी शक्ति केंद्र तथा बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मंडल भाजपा महामंत्री संतोष यादव ने कल 4 अप्रैल को नामांकन रैली में शामिल होने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक को महिला मोर्चा की अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह ठाकुर, सरिता ढीमर तथा धनराज ठाकुर ने संबोधित किया। इस मौके पर रमेश सोनी, योगेश पटेल, लोकेश यदु, दीना पटेल, कोमल साहू, मनबोधी पटेल, रामा निर्मलकर, शीतल साहू, ममता उइके, संतोष सोनी, राकेश देवांगन, बूंदा वर्मा, मीना लोखंडे, कौशल वैष्णव, कविता रामटेके, दीप्ति ठाकुर, धनवा ठाकुर, प्रतिभा पटेल, नीलम मानिकपुरी, सरिता यादव, चमारराय, गणेश अहीर, मनोज यादव,



राजू वैष्णव, पुरुषोत्तम साहू, अनिल पटेल, शिव यादव, हरी मालेकर, चैतराम ठाकुर, रामेश्वर सोनकर, चंदू सोनकर, जितेंद्र सोनकर, रविंद्र कुमार, देवनारायण साहू, श्यामू मंडावी, रामसाय, विकास गुप्ता, एलन साहू, हरिशंकर साहू, दयानंद सेन, राजेश दवे, पुष्पेंद्र हिरवानी, गौरव यदु आदि उपस्थित थे।

## गांव के बच्चे पढ़ेंगे नवोदय विद्यालय में



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम सर्राकापा की प्राथमिक शाला के छात्र चंद्रकिशोर गंधर्व पिता अजय गंधर्व का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के लिए हुआ है। चंद्रकिशोर बचपन से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित और अन्य से आगे रहते आया है। उसे इस सफलता पर संकुल प्राचार्य पोर्णिमा नेताम, संकुल समन्वयक राजेश श्रीवास्तव, शिक्षक सरोज ताम्रकार, देवेंद्र साहू, कल्याणी नेताम, महेश वर्मा, बीसी साहू, उमाशंकर पटेल, संतोष गंधर्व, उत्तरा पटेल आदि ने बधाई दी है।

#### अभिषेक साहू



**मुरमुंदा।** रूर्बन ग्राम पटपर निवासी हृदय साहू एवं टामिनिका साहू के पुत्र अभिषेक साहू का चयन जवाहर नवोदय डोंगरगढ में प्रवेश के लिए हुआ है। अभिषेक प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल, माता पिता का नाम रोशन किया है। उसे पिता हृदय साहू, मां टामिनिका साहू सहित साईनाथ एकेडमी उरईडबरी ने बधाई दी है।

#### पूजा जंघेल



**मुसरा।** सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा की छात्रा पूजा जंघेल पिता उत्तम कुमार जंघेल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला के लिए हुआ है। पूजा को चयनित होने पर योगदास साहू, होमलाल वर्मा, मोतीलाल सिन्हा, दानेश्वर लिल्हारे, सुनील कुमार पटेल, भागवत पटेल, भुखन वर्मा, अखिलेश वैष्णव, पारथ बंजारे, विद्या वैष्णव, संतोषी विश्वकर्मा, लेखा साहू, बबिता वर्मा, रूखमणी बंजारे, पूर्णिमा पटेल, प्रतिभा, भानेश्वरी उईके ने बधाई दी है।

#### मोनाली देवांगन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर मेंढा की छात्रा मोनाली देवांगन का चयन नवोदय विद्यालय में



प्रवेश के लिए हुआ है। बचपन से मेधावी मोनाली सहायक शिक्षक राजेश देवांगन एवं सुधा देवांगन की पुत्री है। इसके पूर्व उसके भाई मोहित देवांगन का भी चयन नवोदय विद्यालय के लिए हो चुका है । मोनाली को प्रधानाचार्य रानी देवांगन, अनंदी यादव, सुधा देवांगन, लता देवांगन, मानबाई देवांगन, दुर्जन मंडावी, सत्यदेव साहू, संजय साहू, दीनदयाल साहू, राजेश देवांगन आदि ने बधाई दी है।

### तीरंदाजी खेल के लिए टैलेंट सर्च शिविर 7 तक

**राजनांदगांव।** तीरंदाजी की प्रतिभावान खिलाड़ियों की तलाश करने विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। यह शिविर कल 3 से 7 अप्रैल तक स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में शाम 4 से 6 बजे तक चलेगा। शिविर में 10 से 17 वर्ष की बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है। जिला खेल एवं युवक कल्याण राजनांदगांव, स्व. अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन एवं संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के सहयोग से नए तीरंदाजी खिलाड़ियों की खोज के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीनियर कोच राहुल साहू ने बताया गया कि शिविर में किसी भी स्कूल के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इन्हें एनआईएस प्रशिक्षक राहुल साहू एवं कुशल रजक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कैंप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़यों को पुरस्कृत किया जाएगा।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### आयुष का नवोदय में चयन



जेवरतला रोड। युग सृजन शिशु मंदिर किसना से आयुष कुमार वैष्णव पिता भुनेश्वर दास वैष्णव का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिका एवं परिवारजनों ने आयुष को शुभकामनाएं दी है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आज

राजनांदगांव। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने कल 4 अप्रैल को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट स्थित गार्डन में स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने कहा गया है।

### अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 9 को

राजनांदगांव। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभावार सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण 9 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नगरीय इलाकों के बाद अब ग्रामीण इलाकों में दलालों की पैठ बढ़ी

# जिला निर्माण बाद भू-माफिया कर रहे जगह-जगह अवैध प्लाटिंग

### कार्रवाई नहीं होने के कारण भूमाफियाओं के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला निर्माण के बाद जिले में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग के खेल में चांदी काटने भू-माफिया पूरी शिद्दत से सक्रिय है। आज की स्थिति में आलम यह है कि शहर सहित आसपास के लोकल जमीन दलाल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग भिलाई, राजनांदगांव व कवर्धा सहित बड़े शहरों के दलालों के साथ मिलकर नियम विरुद्ध जमीन से चांदी काटने का काम कर रहे है। नवगठित जिले के शहरी क्षेत्रों में शासकीय जमीनों पर भी इन भू माफियाओं की नजर गिद्ध की तरह गड़ी हुई है।

इसके लिए बकायदा प्लानिंग बनाकर काम किया जा रहा है। शासकीय जमीनों में अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग पर कोई ठोस कारवाई नही होने के कारण भूमाफियाओं की नजर अब ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ गई है जहां राजस्व विभाग के कुछ भ्रष्टाचारी पटवारियों से साठगांठ कर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी जमीनों में पहले अतिक्रमण जैसा हालात बना रहे है। राजस्व विभाग के बेसुध अधिकारियों की चुप्पी और भू-माफियाओं से सांठगांठ होने के कारण अवैध प्लाटिंग करने वालों पर ठोस कारवाई नही हो पा रही है।

प्रदेश मे भाजपा सरकार बनने के बाद यह अंदेशा लगाया जा रहा था कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के ऊपर शासन का बुलडोजर चलेगा, लेकिन कुछ भाजपा नेता भी पर्दे के पीछे इस खेल में शामिल हैं। अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ ठोस अभियान का अभाव राजस्व विभाग के कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।



#### स्टेट हाईवे से लगी जमीनों पर गिद्ध दृष्टि

जिले की स्टेट हाईवे से लगी लाखों करोड़ों की जमीन पर भू-माफियाओं की गिद्ध दृष्टि जमी हुई है। स्टेट हाइवे से लगी जमीनों पर जमीन दलालों की पैनी नजर बनी रहती है और पक्की सड़क किनारे शासकीय जमीनों की जानकारी संबन्धित हल्का पटवारियों से भू माफिया ले लेते है साथ ही उस शासकीय जमीनों के आसपास खेती करने वाले भोलेभाले किसानों को बड़ा लालच देकर पहले जमीन का सौदा करते है उसके बाद बिना डायवर्सन और प्लाटिंग संबन्धित शासकीय नियमों का पालन किए बिना पटवारियों को मोटी रकम देकर टुकड़ों में नक्शा कटवाकर खेत जमीनों मे अवैध प्लाटिंग कर बेचना शुरू कर देते है। मामले में कुछ पटवारियों की भूमिका भी संदेहजनक है। धंधे से जुड़े सूत्रों के मुताबिक भू-माफियाओं द्वारा जितनी भी प्लाट कटिंग की जाती है उसमें उस हल्के के पटवारी का कमीशन तय रहता है। यदि बारीकी से क्षेत्र का मुआयना कराया जाए तो पक्की सड़क किनारे कई जगह प्लाट उपलब्ध का बोर्ड नजर आता है जहां अवैध तरीके से खेतिहर जमीनों में मुरुम डालकर लेबल कर दिया गया है। अवैध रूप से मुरुम डालकर जमीनों को बेचने वालों के खिलाफ भू-राजस्व अवहेलना व बिना खनिज विभाग के अनुमति सहित ग्राम पंचायतों के एनओसी और नगर निवेश से बिना परमिशन लिए शासन को करोड़ों का चूना लगाने वालों के खिलाफ कारवाई हो सकती है, लेकिन राजस्व विभाग करना चाहे तभी यह संभव है।

#### शहर में नहीं दिया ध्यान

राजस्व विभाग की कार्यशैली को लेटलतीफी को लेकर ताजा जानकारी अनुसार पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार द्वारा 7500 वर्गफीट सरकारी जमीन को मालिकाना देने व्यवस्थापन तहत अतिक्रमित जमीन का पंजीयन कराकर मालिकाना दिया है जिसके भूमि स्वामी हक मिलने के बाद कुछ लोगों द्वारा कच्चे मकान दुकान को तोड़कर निर्धारित रकबे से ज्यादा मे निर्माण कराने की शिकायत पर नजूल अधिकारी ने 18 मार्च को पत्र लिखकर जांच दल का गठन किया जिसमें तहसीलदार, आरआई, पटवारी और चैनमैन को तीन दिवस के भीतर मौका निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने कहा था, लेकिन राजस्व विभाग के कतिपय कर्मचारियों की कार्यशैली कहे या लापरवाही कि मौका निरीक्षण रिपोर्ट अधिकारी की टेबल में दो महीने बाद पहुंचा। आचार संहिता में व्यस्तता के चलते अधिकारी व्यस्त है जिसका लाभ पूरी तरह से व्यवस्थापित अतिक्रमणकर्ता उठा रहे है। नपा को उक्त संबंध मे कारवाई का अधिकार है, लेकिन नपा भी निर्धारित रकबे में निर्माण को लेकर अपने ही द्वारा जारी अनुज्ञा पत्र से ज्यादा सरकारी जमीन मे मकान दुकान निर्माण होते देखने के बाद चुप्पी साधे हुए है। मामले को लेकर राजस्व और नपा का अपना अपना पक्ष है। नपा अधिकारियों का कहना है कि राजस्व विभाग ने जॉच कराया है तो कारवाई वही करेंगे जबकि राजस्व विभाग का कहना है कि नगरीय क्षेत्रों में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत पर नपा 24 घंटे के भीतर कारवाई कर सकती है नपा अधिनियम में इसके बारे मे स्पष्ट निर्देश है। शहरी क्षेत्र में सारी चीजे स्पष्ट होने के बाद कारवाई को लेकर जब यह हालत है तो आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भू माफियाओं के खिलाफ कारवाई की बात आम आदमी को दिमाग में लाना ही नही चाहिए।

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगने पहुंच रहे विक्रांत सिंह

- दौरा कर मतदाताओं से कर रहे संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोकसभा चुनाव मे भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय की सुनिश्चित जीत के लिए जिपं उपाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह लगातार दौरा कर मतदाताओं से प्रत्यक्ष संपर्क कर रहे है।

संतोष पांडेय के पक्ष में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में बैठके लेकर बूथ और शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यकर्ताओं को चार्ज करने ग्रामीण मंडल के अंतर्गत आने वाले बाजार अतरिया, भीमपुरी, केशला, भोरमपुर, जोरातराई और मड़ौदा शक्तिकेन्द्र की बैठक लेने पहुंचे विक्रांत सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के दस साल का कार्यकाल अनगिनत उपलब्धियो से भरा पूरा है। आज देश सुशासन और विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा है।

पीएम के रूप में राष्ट्रसेवक नरेंद्र मोदी ने अपने 10 सालों के बेदाग कार्यकाल में सुशासन और विकास की कल्पना को साकार करते हुए जनहित की योजनाओ को पूरा किया है और पूरे देश प्रदेश में विकास कार्यो का इतिहास रचा है। विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता ने उनकी गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा के समर्थन में स्पष्ट जनादेश दिया है और प्रदेश की भाजपा सरकार ने भी पीएम के वादो रूपी गारंटी को महज 100 दिनों के अंदर पूरा करके सिद्ध कर दिया है कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है।

#### भाजपा सभी वर्गों के लिए समर्पित

भाजपा सरकार गांव, गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिला सहित वर्गों के विकास के लिए समर्पित और संकल्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट और शक्ति केंद्र स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को चुनाव जीतने का मूलमंत्र बताते हुए कहा कि हमारा संकल्प हर बूथ पर ज्यादा से ज्यादा वोट भाजपा को दिलाना है। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की योजना से लाभान्वित हितग्राहियों सहित आम नागरिकों से सतत जनसंपर्क हमारा दायित्व है। इस दौरान जिला पिव मोर्चा अध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, केशव चंदेल, देवकुमार सेन, गणेश वर्मा, विकेश गुप्ता सहित भाजपाई उपस्थित थे।

### सम्पत्तिकर का भुगतान कर छूट का लाभ लेने की अपील

राजनांदगांव। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने नागरिकों से वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्पत्तिकर का अग्रिम भुगतान कर छूट का लाभ लेने की अपील की है। आयुक्त गुप्ता ने बताया कि छग निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छूट का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी प्रकार 1 अगस्त से 30 दिसम्बर तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक 0 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छूट का लाभ लेकर विकास में सहयोग की अपील की है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में स्वीप कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- अधिकारी-कर्मचारी सहित नागरिकों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने लिया संकल्प

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का आयोजन किया जा रहा है। जिससे की लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। जिले में 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत होने वाले मतदान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव में कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी-कर्मचारी सहित बैंक में लेन-देन के लिए आए नागरिकों को जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई।

उप संचालक कृषि नागेश्वरलाल पांडेय ने मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने कहा। उन्होंने लोकतंत्र में नागरिकों के एक-एक वोट के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों के साथ नागरिकों ने हाथों में मतदाता जागरूकता के तख्ती लेकर मोर वोट-मोर अधिकार, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारे लगाकर 26 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र में जाकर मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीईओ श्रीकांत चंद्राकर, उप आयुक्त सहकारिता विभाग शिल्पा अग्रवाल, सहायक संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयसिंह खेंगर, कृषि विकास अधिकारी रामशीला गौरकर तथा सेवा सहकारी समिति के शाखा प्रबंधक एवं बड़ी संख्या में किसानों द्वारा बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई।

## विकास के लिए वातावरण की भूमिका सबसे जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अल्फा नेशनल स्कूल दाऊचौरा का वार्षिक रिपोर्ट वितरण कार्यक्रम जिंप सभापति विप्लव साहू की उपस्थिति में हुआ। विप्लव साहू ने कहा कि आज इंसानी जीवन को डिजाइन करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों की होती है। शिक्षण के प्रति चेतना और लगातार सजगता जरूरी है। कालांतर में सभ्यता, जनसंख्या दबाव और सीमित संसाधन और वृहद सेक्टर पैदा होने आदि के कारण, शिक्षण संस्थान अब पिता की भूमिका में हैं। अबोध बच्चों में जबरदस्ती कोई मान्यता या रिवाज नहीं डालना चाहिए बल्कि, बच्चों की ग्राह्य क्षमता और विचार शक्ति का विकास करना चाहिए ताकि वे अपने भीतर बेहतर विचार पैदा कर सके और समाज देश और दुनिया के लिए एक बेहतर नागरिक बन सके। उन्होंने अल्फा नेशनल स्कूल और बच्चों को बेहतर भविष्य निर्माण की शुभकामना देते हुए आभार व्यक्त किया।

#### नर्सरी में प्रयाग और वैदेही प्रथम

स्कूल में क्लास नर्सरी में प्रयाग साहू और वैदेही सिंह, एलकेजी देवांश देवांगन, यूकेजी श्रेया ठाकुर, कक्षा 1 जुवेरिया बानो, कक्षा 2 दिव्यांश मानकर, कक्षा 3 लवली देवांगन, कक्षा 4 ऋषिता वैष्णव और कक्षा 5 में कविता वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य, प्राध्यापकों की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों को वार्षिक रिपोर्ट वितरित की गई। जिसमें कक्षा में मेरिट और कक्षावार स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मेडल दिया गया। स्कूल के नन्हें बच्चों व अभिभावकों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम मे होम्योपैथी चिकित्सक डॉ घनश्याम ढेकवारे सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रशासनिक अनुभव की कमी के चलते डीएमएफ मद से कार्यरत दस कर्मी परेशान

- सिविल अस्पताल के कर्मचारी हो रहे परेशान
- कलेक्टर ने 13 लोगों को किया था पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नवगठित जिले में 18 महीनों से पदस्थ अलग-अलग सीएचएमओ की कार्यशैली के चलते सिविल अस्पताल के कर्मचारी खासे परेशान हो रहे है।

स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और सुचारू संपादन के लिए 2018 से अविभाजित राजनांदगांव जिले में कलेक्टर द्वारा डीएमएफ मद से 13 लोगों को एएनएम और लैब टेक्रिशियन के पद पर नियुक्त किया था। जिला विभाजन बाद जून 23 को तत्कालीन कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के दस अलग-अलग स्थानों पर कार्यरत एएनएम व लैब टेक्निशयनों का मार्च 24 तक सेवा वृद्धि आदेश दिया था जिसमे स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि साल मे 18 दिनों की छुट्टी मिलेगी। सेवा समाप्ति के बाद पेंशन उपादान या अन्य लाभ की पात्रता नही होगी के अलावा संविदा अवधि मे दोनों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना अथवा उसके एवज मे एक महीने का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त करने की जानकारी दी गई थी लेकिन सिविल अस्पताल मे कार्यरत दस एएनएम व लैब टेक्निशियनों को 28 मार्च 24 को पत्र जारी करके कहा जाता है कि उनकी सेवा 1 अप्रैल से समाप्त की जा रही है।


#### एक महीने पूर्व सूचना या वेतन देने बाद हटाने का है नियम

सेवा वृद्धि नही होने से परेशान एएनएम संतोषी जंघेल राहुद, वर्षा साहू चिचोला, उर्वशी साहू लछना, गउलिका जनबंधु समुदंपानी, एकम साहू पैलीमेटा, सरोज जंघेल बोरई, रीगेश्वरी साहू टिकरीपारा और लैब टेक्रिशियन रामेश्वर मानिकपुरी पैलीमेटा, आशीष साहू मुढ़ीपार और थामेश्वर साहू पांडादाह ने बताया कि बीते चार महीनो से उन्हें वेतन नही मिला है उससे हताश परेशान हो गए है और अब उन्हे काम से हटाया जा रहा है जबकि सभी जिले के अलग-अलग उप स्वास्थ्य केंद्रो में पदस्थ है और ग्रामीण स्तर पर गर्भवती महिलाओं की देखरेख, सुपोषण का ध्यान, टीकाकरण, प्रसव सहित राष्ट्रीय कार्यक्रम मलेरिया, हैजा, हेपेटाईटिस, कुष्ठ सहित आनलाईन एंट्री का काम नियमित कर्मचारी के साथ करते है और मरीज भी इनसे सीधे संपर्क मे रहते है हालांकि सभी ने कलेक्टर को सेवावृद्धि का आवेदन दिया है, लेकिन जब सिविल अस्पताल प्रशासन के जिम्मेदारों को पता था कि उप स्वास्थ्य केंद्रो मे पदस्थ दस लोगों को डीएमएफ मद से वेतन दिया जाता है और उनके पत्र के आधार पर ही जिला कार्यालय से इस मसले पर कारवाई होती है तो जानबूझकर विलंब करना और उसके बाद सेवा समाप्ति का पत्र जारी करना कही ना की से जिम्मेदारों का प्रशासनिक अनुभव मे कमी को उजागर करता है।

#### अनुभव की कमी बन रहा कारण

मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन को चाहिए था कि वो फरवरी महीने में ही इस विषय को लेकर जिला कार्यालय से पत्र व्यवहार करता ताकि मार्च माहांत तक इस विषय पर ठोस नतीजा निकल पाता लेकिन प्रशासनिक जानकारी के अभाव मे जिम्मेदार अधिकारी ने ऐसा नही किया जिसके चलते दस स्वास्थ्य कर्मियों की सेवा समाप्ति हो गई जिसका असर मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर पड़ेगा। दस स्वास्थ्य कर्मियों की सेवा बहाली और चार महीने के वेतन को लेकर अनजान सीएचएमओ जीके वैष्णव का कहना है कि उन्होंने जिला कार्यालय में इस विषय पर पत्र व्यवहार किया है। वेतन पत्रक पर उन्होंने हस्ताक्षर कर दिया है जबकि हकीकत यह है कि दस कर्मियों की सेवावृद्धि को लेकर कोई पत्र जिला कार्यालय नही पहुंचा जिसके कारण एएनएम और लैब टेक्नशियनों को कलेक्टर तक गुहार लगानी पड़ी। चार महीने से वेतन को तरसते कर्मियो को डीएमएफ से वेतन को लेकर मांग पत्र एक दिन पहले जिला कार्यालय पहुंचा है।

### किंजल और नेमिता का चयन



राजनांदगांव। शासकीय प्राथमिक शाला सांगिनकछार के बच्चे किंजल पिता गोपीराम नेवला व नेमिता पिता नेमचंद्र वर्मा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में हुआ है। चयनित होने पर शाला के प्रधान पाठिका साहू मैडम, पटेल सर, जितेन्द्र सिन्हा, पुरषोत्तम यादव, गणेश्वर सिन्हा, सागर वर्मा, लोमस नेवला ने बधाई दी।

बिजनेस साइट

## एनबीआईएस बोरी स्कूल के लिए अब डोंगरगांव व डोंगरगढ़ से भी बस सुविधा

### 9वीं से 12वीं के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क



राजनांदगांव। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में नए सत्र 2024-25 में पालको के विशेष आग्रह पर डोंगरगांव तथा डोंगरगढ़ से बोरी स्कूल हेतु सीधे बस की सुविधा दी जा रही है। डोंगरगांव से बस अपने नियत समय से सीधे अर्जुनी, रामपुर, घोरदा होते हुए बोरी स्कूल आएगी। वहीं डोंगरगढ़ से बस मुसरा, भनपुरी, सुकुलदैहान, धर्मापुर व डिलापहरी होते हुए एनबीआईएस बोरी स्कूल पहुंचाई जाएगी।

शाला में नए सत्र से कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बच्चों को विशेष विषय विशेषज्ञों की देखरेख में काम्पिटिटिव एक्जाम की तैयारी हेतु बेसिक फाउंडेशन कोर्स भी कराया जाएगा। 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को जेईईए नीट तथा सीए फाउंडेशन परीक्षाओं की भी तैयारी शाला में कराई जाएगी। बच्चों के चहुमुंखी विकास हेतु एक्स्ट्रा क्लास के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा शाला में निःशुल्क कराई जाएगी।

एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी शालाओं में नए सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक कक्षा के प्रथम दस बच्चों के एडमिशन शुल्क में दी गई 100 प्रतिशत छूट की अवधि को आठ अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। आठ अप्रैल के पश्चात नए एडमिशन लेने वाले बच्चों को एडमिशन फीस में छूट नहीं दी जाएगी। एनबीआईएस बोरी में हायर कक्षा में विज्ञान संकाय (बायोलाजी, मैथ्स) तथा वाणिज्य संकाय की कक्षा संचालित की जा रही है। जिसमें विषय अनुरूप शहर के श्रेष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन बच्चों को मिल रहा है। एनबीआईएस में आधुनिकता को देखते शारीरिक तथा मानसिक रुप से बच्चों के समग्र विकास के लिए नवीन इंडोर खेलों की व्यवस्था की गई है। ग्यारह एकड़ के शाला परिसर में नए दो बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, हैंडबाल, दो व्हालीबाल कोर्ट, दो टेबल टेनिस, क्रिकेट के लिए नेट पिच की स्थापना की गई है।

इंडोर तथा आउटडोर गेम के लिए सर्वसुविधायुक्त मैदान के साथ खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। एनबीआईएस की मेस सुविधा को पालकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। बच्चों के गरम, पौष्टिक, ताजा भोजन की प्रशंसा पालकों द्वारा की जाती रही है। जीपीएस एवं कैमरे मॉनिटरिंग सुविधा के साथ बच्चों को बसों से सुरक्षित लाने-ले-जाने की व्यवस्था की गई है। समय और आधुनिकता को ध्यान में रखते एनबीआईएस का उद्देश्य बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान कराना है।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मिला सम्मान

# विभा को इनोवेटिव टीचर का मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के बढ़ईटोला स्कूल में पदस्थ्य शिक्षिका विभा पाटकर को नेशनल लेबल के श्री चिन्मय अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जन्म जयंती महोत्सव पर भाटापारा में श्री छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाजद्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभा पाटकर का चयन शिक्षा के क्षेत्र में किए उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास साथ उनकी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए लगातार प्रयास व परिश्रम के आधार पर किया गया है। इस दौरान प्रकाश मोदी, सुमनलता मोदी, आलोक मोदी, अभिषेक मोदी, रजनीश जैन सहित अन्य आदि उपस्थित थे। शिक्षिका की उपलब्धि पर डीईओ लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, सहायक संचालक रश्मि खरे, संकुल केंद्र समंवयक धृतेंद्र सिंह, प्राचार्य चंद्रभान साहू सहित बढ़ईटोला स्कूल स्टाफ ने बधाई दी है।

#### शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार

शिक्षिका विभा पाटकर उत्कृष्ट शिक्षिका होने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला व शिल्प, खिलौने से शिक्षा, समावेशी शिक्षा अंतर्गत विकलांग विद्यार्थियों के हितार्थ कार्य, उनकी अभिव्यक्ति क्षमता का विकास, साहित्य लेखन, यूट्यूब वीडियो के माध्यम से शिक्षा, प्रार्थना सभा, बालिका शिक्षा अभियान सहित शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करती है। जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार, नवाचारी शिक्षक पुरस्कार, एफएलएन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर पुरस्कार, कबाड़ से जुगाड़ में पुरस्कार के अलावा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से इन्हें अनेक पुरस्कार मिला हैं। वही शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तर पर विभिन्न विभागीय सम्मान के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों सम्मान मिला हैं। बहुमुखी प्रतिभा संपन्न शिक्षिका के रूप में परिचित विभा पाटकर को जनम कल्याणक महोत्सव पर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के लगभग 250 शिक्षकों द्वारा सम्मान के आवेदन सह पंजीयन कराया गया था। जिसमें उनके शैक्षणिक गतिविधियों को देखते हुए शासन द्वारा पंजीकृत संस्था चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट भाटापारा व श्री 1008 भगवान दिगंबर जैन मंदिर द्वारा इन्नोवेटिव टीचर अवार्ड 24 से स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

## सार समाचार

### 13 को जयंती मनाने की अपील



**राजनांदगांव।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र के परम मित्र गुहाराज निषाद का 13 अप्रैल को जन्मदिवस भारतवर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि उक्त दिवस को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ऐच्छिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने लोगों से 13 अप्रैल को अपने-अपने जिला में श्रीगुहा निषादराज जयंती का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

### ज्योति को मिली पीएचडी की उपाधि



**राजनांदगांव।** अंबागढ़ चौकी के आतरगांव निवासी ज्योति बाला को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदत्त किया गया है। उनका शोध का विषय छत्तीसगढ़ में हल्बा जनजाति का सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक जीवन दुर्ग संभाग के विशेष संदर्भ में था। ज्योति बाला को उक्त विषय से संबंधित छत्तीसगढ़ की हल्बा जनजाति का सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक जीवन पर किए गए ऐतिहासिक अध्ययन के शोध में प्रदत्त की गई पीएचडी की उपाधि के संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। डॉ. डीएस जगत एवं डॉ. शम्पा चौबे के मार्गदर्शन में शोध का अध्ययन करने वाली ज्योति बाला शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोबरागड़े की भांजी ज्योति बाला दिग्विजय महाविद्यालय की गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा रही है। वहां से अपना अध्ययन कार्य पूरा कर ज्योति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से इतिहास के सामाजिक विज्ञान के संकाय से छत्तीसगढ़ के हल्बा जनजाति के धार्मिक सामाजिक एवं आर्थिक विषय पर शोध कार्य किया है। तत्पश्चात उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। श्रीमती ज्योति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय व रिसर्च सेंटर शासकीय दु.ब. महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय रायपुर इतिहास विभाग और शोध निदेशक डॉ. डीएस जगत, सह शोध निर्देशिका डॉ. शम्पा चौबे का मार्गदर्शन से पूर्ण किया है। श्रीमती ज्योति बाला की इस उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्रों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी।

### सोनवंशी ने किया नामांकन दाखिल



**राजनांदगांव।** बसपा छग प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल सोनवंशी ने राजनांदगांव लोकसभा सांसद प्रत्याशी के रूप में 2 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। श्री सोनवंशी ने नामांकन दाखिल करने से पूर्व डॉ. अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली निकाली। तत्पश्चात कलेक्टोरेट परिसर पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर फार्म जमा किया। जिला अध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने समाज के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग कर समर्थन मांगा। जिसमें बुद्ध समाज ने समर्थन दिया। जिलाध्यक्ष से कहा कि हमारी जाति प्रमाणपत्र की समस्या है। जिसको कांग्रेस 5 साल से और पिछले 15 वर्षों से बीजेपी ने लटकाकर रखा। जिलाध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि 14 अप्रैल से पहले जो आवेदन जमा है, उनका जाति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया तो उनके साथ बहुजन समाज पार्टी विरोध प्रदर्शन करेगी और बौद्ध समाज पूरे तरीके से कांग्रेस और बीजेपी को चुनाव में विरोध कर युवाओं के भविष्य और आने बाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने बहुजन समाज पार्टी को पूरी तरीके से समर्थन करेगी।

### नगर निगम के चार कर्मचारी सेवानिवृत्त



**राजनांदगांव।** नगर निगम के सभागृह में आयुक्त अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में ठा. प्यारेलाल स्कूल की सहायक शिक्षिका कनकलता सिंह सहित लोककर्म विभाग में मजदूर के पद पर कार्यरत मनसुख साहू तथा स्वास्थ्य विभाग में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत तीरथ बलीराम व रेणु रघुनाथ को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुक्त गुप्ता सहित कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, प्राचार्य भूषण साव द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया गया। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि निगम परिवार के चार साथी जिन्होंने अपने जीवन का लंबा समय इस संस्था को दिया और निष्ठापूर्वक कार्य कर आज शासन नियम के तहत सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

वे परिवार में समर्पित होकर अपना समय बिताएंगे तथा अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करेंगे, क्योकि नौकरी में पारिवारिक दायित्वों का ठीक से निर्वहन नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पश्चात जो प्रक्रिया होगी, उसे जल्द पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा जब भी आवश्यकता होगी, निगम परिवार आपके साथ खड़ा रहेगा। कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने कहा कि लंबे समय तक निगम में सेवाकाल व्यतीत कर आज हमारे चार कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इनका कार्यकाल अच्छा रहा और इन्होंने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया, लेकिन निगम से इनका जुडाव सदा रहेगा, क्योंकि ये सब परिवार की तरह रहकर कार्य किए। सहायक शिक्षिका कनकलता सिंह ने कहा कि उसे अपने काम में सबका अच्छा सहयोग मिला। वह दुर्ग निगम से स्थानांतरित होकर राजनांदगांव निगम आई थी और यहां पारिवारिक माहौल में 24 वर्ष काम करने का मौका मिला।

## आबंटितों को भुगतान करने कई बार दिया गया था नोटिस

# प्रीमियम भुगतान नहीं करने पर 3 दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल एवं प्रथम तल में व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। भूतल में निर्मित 6 दुकानों को नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटितों को प्रीमियम राशि का भुगतान करने अनेक बार नोटिस जारी किया गया। नोटिस उपरांत प्रीमियम का भुगतान नहीं करने पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर 6 दुकानों में से क्रमशः दुकान क्र. 2, 3 व 4 को निगम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्रवाई की गई।

प्रीमियम की राशि का भुगतान नहीं करने पर आयुक्त गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे, सहायक ग्रेड-2 अभिजीत हरिहारनो, सहायक ग्रेड-3 प्रकाश साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक रमेश बघेल एवं निगम की टीम सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल की दुकान क्र. 2 जो विजय धनवानी को आबंटित है। इसी प्रकार दुकान क्रं. 3 हरीश सोनछत्रा तथा दुकान क्रं. 4 आबंटित रामनुज वर्मा द्वारा प्रीमियम की राशि जमा नहीं करने पर उपरोक्त तीनों दुकान में तालाबंदी कर सील की गई।



### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल में निर्मित 6 दुकानें नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटन उपरांत प्रीमियम जमा करने इन्हें अनेक बार नोटिस जारी किया गया। नोटिस उपरांत दुकान क्र. 1, 5 व 6 के आबंटितों द्वारा प्रीमियम का भुगतान किया गया, किन्तु दुकान क्र. 2, 3 व 4 के आबंटितों ने प्रीमियम राशि का भुगतान नहीं किया और न ही उनके द्वारा किसी प्रकार का भुगतान किए बिना सम्पर्क भी नहीं किया गया और दुकान क्र. 2 विजय धनवानी के 20 लाख रुपए, दुकान क्रं. 3 हरीश सोनछत्रा के 28 लाख रुपए एवं दुकान क्र. 4 रामनुज वर्मा के 9 लाख रुपए बकाया प्रीमियम राशि जमा नहीं करने पर कार्रवाई करते उक्त तीनों दुकानें सील की गई। उन्होंने बताया कि दुकानों का प्रीमियम व किराया का भुगतान नहीं करने पर आगे भी दुकानों में सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला सतनामी समाज में सदस्यता अभियान प्रारंभ

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र. 5041 जीई रोड राजनांदगांव में सामाजिक पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक गत दिनों सतनाम भवन में आयोजित किया गया। बैठक जिला सतनामी सेवा समिति अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलारी की अध्यक्षता व वरिष्ठ पदाधिकारी प्रो. जीपी रात्रे, पीआर देशलहरा, विजय राय, चैनदास बांधव, सुलोचना मारकंडे, मनहरण लहरे, सुंदरलाल चतुर्वेदी, नारायण भारती, सीएल टंडन, तामेश्वर बंजारे, मदन टंडन, आत्माराम रात्रे की उपस्थिति में जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाने पर प्रस्ताव पारित हुआ।

सूर्य कुमार खिलारी ने बताया कि आगामी माह में होने वाले जिला सतनामी सेवा समिति चुनाव के मद्देनजर तैयारी किया जा रहा है। सदस्यता अभियान प्रथम चरण में जिला के प्रधान कार्यालय में 1 अप्रैल से 31 मई तक सदस्यता आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। द्वितीय चरण 1 से 20 जून तक विकासखंडों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया, घुमका आदि शामिल है।

# इंस्टाग्राम में समाज के लिए लिखी अश्लील बातें, शिकायत

- पूर्व विधायक भुनेश्वर की अगुवाई में समाज ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम में सतनामी समाज के आस्था प्रमुख सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत गुरु घासीदास के नाम से अकाउंट निर्मित कर फोटो के साथ अश्लील अपशब्द लिखे हैं। यह सामाजिक सौहद्र बिगाड़ने की साजिश है। इस अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत के लिए डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में समाज के लोगों ने एसपी के नाम एक ज्ञापन सौंपा है।



इंस्टाग्राम पर आई डी बनाकर सतनामी समाज के आस्था और विश्वास के प्रतीक संत गुरु घासीदास बाबा जी के फोटो और लेखन कर अपशब्द लिखकर सतनामी समाज को अपमानित करने वाले अज्ञात व्यक्ति पर एफआईआर करने व आरोपी पर उचित दंडात्मक कार्यवाही करने एसपी राजनांदगांव को ज्ञापन दिया गया। साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर समाज द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। इस दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल, गोपीचंद गायकवाड़, अश्वनी टंडन, गौकरण कोसरे, कुंभकरण महीलांगे, अखिलेश, मदन लहरे, डमरू कुर्रे, भोला गायकवाड़, दिनेतू जांगड़े, उत्तम देशलहरे, गोविंद राम वर्मा, महेंद्र देशलहरे, हेमेश जांगड़े, कुलदीप देशलहरे, संजय कुर्रे आदि उपस्थित थे।

# गायत्री विद्यापीठ का नेशनल योगासन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ द्वारा चौथा नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। उक्त आयोजन सीनियर सेकंडरी स्कूल भिलाई सेक्टर-6 में गत 28 से 30 मार्च तक आयोजित किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ प्रेमनिरंजन योगासन खेल संघ, नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित था। जिसमें विभिन्न स्कूलों के मध्य आयोजित स्पर्धा में गायत्री विद्यापीठ का शानदार प्रदर्शन रहा।

इसमें विद्यालय की छात्रा तान्या शर्मा, आंसी सिंह, रिषिता गुप्ता, देविका शेंडे, वैष्णवी रंगारी, अंतोरा मैती, वेन्या मरकाम, छात्र रूद्रकुमार किरर एवं इशान साहू द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। बच्चों को आयोजन समिति द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। शाला की योग शिक्षिका भारती साहू एवं खेल शिक्षिका अंजली यादव का विशेष मार्गदर्शन बच्चों को मिला।

इस उपलब्धि पर शाला के एकेडमिक को-आर्डिनेटर अमित उत्तलवार, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर एवं गायत्री शिक्षण समिति अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता उषा झा ने दी।



### वंशिका को मिले 91% अंक



**राजनांदगांव।** शहर की दीपिका विद्या मंदिर में कक्षा 5वीं में पढ़ने वाली वंशिका साहू ने वार्षिक परीक्षा में 91.5 फीसदी अंक हासिल किए। संतोष साहू और संगीता साहू की पुत्री वंशिका को 200 में से कुल 183 अंक मिले।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
PARIHAR HOSPITAL
➤ स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
➤ किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
➤ नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
➤ निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
➤ सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

# 12वीं बार चुनावी जंग में उतरे अजय ने नींबू-मिर्ची की माला पहनकर दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा चुनाव के रण में कई रंग दिखाई दे रहे हैं। लोग अपने-अपने अंदाज में इस लोकसभा के रण को जीतने के लिए जुगत लगाए हुए हैं। कई राष्ट्रीय पार्टी की उम्मीदवार दल-बल के साथ नामांकन भर रहे हैं, तो कई निर्दलीय प्रत्याशी अलग अंदाज में नामांकन भरने पहुंचकर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। आज राजनांदगांव लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने समोसा बेचने वाले निर्दलीय प्रत्याशी अजय पाली अनोखे अंदाज में पहुंचे। यहां वे अपने गले में नीबू-मिर्ची की माला पहने हुए थे।

राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव काफी दिलचस्प नजर आ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहां से कांग्रेस उम्मीदवार हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी से संतोष पांडे एक बार फिर इस लोकसभा के रण को जीतने जोर आजमाइश कर रहे हैं। इधर निर्दलीय प्रत्याशी भी इस सीट पर अपनी छाप छोड़ने के लिए कई जुगत लगा रहे हैं। आज अनोखे अंदाज में नामांकन दाखिल करने कवर्धा जिले के निर्दलीय प्रत्याशी अजय पाली पहुंचे। यहां उन्होंने अपने गले में नीबू और मिर्च की माला पहने हुए थे। वहीं बोल बम के नारे लिखे लाल कुर्ता धारण किया हुआ था।



### 20 हजार से होगी जीत

नीबू-मिर्च की माला गले में पहनकर अनोखे अंदाज में नामांकन फॉर्म भरने पहुंचे अजय पाली पर सभी की निगाह टिकी रही। उन्होंने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के बाद भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों को मात देते हुए लगभग 20 हजार वोटों से अपनी जीत की बात कही है।

### नजर से बचाने की कोशिश

अपने इस अनोखे वेशभूषा को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी अजय पाली ने कहा कि हम किसी शुभ काम की शुरूआत करते हैं तो लोगों की नजर से बचाने के लिए नीबू-मिर्ची लगते हैं। इसी सोच को लेकर मैंने भी यहां नीबू और मिर्च की माला पहनी हुई है। अभ्यर्थी अजय पाली का कहना है कि यह उनका 12 चुनाव है। वह कई चुनाव में अपनी उम्मीदवारी निभा चुके हैं, लेकिन इस बार उन्हें जरूर जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों को मतदाता काफी मौका देते हैं। ऐसे में दूसरे निर्दलीय प्रत्याशियों को भी मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे जनता के बीच भी इसी तरह नींबू और मिर्च की माला लटककर प्रचार-प्रसार में जाएंगे और उनका मुद्दा भूखमरी बेरोजगारी होगा।

संजीवनी लाईफ साइंस चिकित्सालय
एडवांस केरल आयुर्वेद चिकित्सा
निःशुल्क चिकित्सा - प्रत्येक शुक्रवार
शुल्क के साथ- प्रतिदिन
हड्डी एवं नश रोग
डॉ. बनाफर
BAMS (Bangalore), RGUHS (Karnataka), PGDEMS (Pune)
• नस दबना • गर्दन कमर दर्द
• घुटना दर्द एवं घिसना
• स्लिपडिस्क • साइटिका
• लकवा • अथ्राईटिस
• माईग्रेन दर्द/शूजन/वात रोग एवं हड्डी / नस दर्द सम्बंधित
Helpline: 8103507777
स्थायी पता- लाल बाग, महेन्द्र नगर, रॉयल किड्स कॉन्वेट स्कूल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)

आवश्यकता है।
हरिभूमि

| पद | पदनाम |
|---|---|
| 04 | डेवलपमेंट सहायक |
| वेतन | 11000/- |

योग्यता - स्नातक, स्वयं का वाहन होना आवश्यक है।
उम्र - 18 से 30 वर्ष
सम्पूर्ण बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ
युवक/युवती दिनांक 04/04/2024 शाम 5 बजे तक संपर्क करें
अपना बायोडाटा Whatsup करें 8370049468
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
9 मई 2024
11 जून 2024
21 जून 2024
01 सितंबर 2024
25 सितंबर 2024
03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मित्तल भिलाई हॉस्पिटल
किडनी रोग विभाग
अपनी किडनी से प्यार करें, देखभाल करें
NABH
डॉ. विजय वच्छानी
डी.एम. नेफ्रोलॉजिस्ट
• किडनी का सिकुड़ना
• किडनी रोग व किडनी फेल्योर संबंधी परामर्श व उपचार
• पथरी संबंधी परामर्श व उपचार
• किडनी बायोप्सी
• 24 घंटे अनुभवी टीम द्वारा डायलिसिस
जुनवानी रोड, सूर्या टी.आई. मॉल के पास, भिलाई,
फोन : 77228 80844, 0788-2294440
Deepak Advts./M/11

## खबर संक्षेप

### शिक्षिका विधि तिवारी को उनके शोध कार्य व नवाचार के लिए पुरस्कृत किया



**हरिभूमि कवर्धा।** श्री 1008 भगवान आदिनाथ जन्म महोत्सव एवं संत मुनि श्री 108 चिन्मय सागर महाराज के आशीर्वाद से श्री चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट मोदी परिवार भाटापारा द्वारा इन्नोवेटिव टीचर अवार्ड 2024 सम्मान से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया गया, जिसमें शिक्षिका विधि तिवारी का जिला कबीरधाम से चयन हुआ एवं शिक्षा विभाग में नवाचार करने हेतु उनको सम्मानित किया गया। शिक्षिका लगातार सराहनीय कार्य से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता पर कार्य कर रही एवं इसके साथ-साथ शोध पत्र हेतु गुजरात में भी कुछ दिनों पहले उनका चयन किया गया था।

### शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला कंझेटा में मतदान जन जागरूकता का दिया संदेश

**हरिभूमि कोलेगांव।** जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कंझेटा विकासखंड पंडरिया में स्वीप गतिविधियां आयोजित किया गया। जिसमें संस्था प्राचार्य संजय वैष्णव ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य स्लोगन लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध जैसे गतिविधियां आयोजित कर उन्हे मतदान की महत्व की जानकारी दी जा रही है साथ ही साथ लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, अपने घर-परिवार, गली-मोहल्ले व बसाहटो में मतदान की उपयोगिता के प्रति लोगो को जागरूक करने के प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणजनों को आगामी चुनाव में निश्चित रूप से वोट देने एवं अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम आयोजन में शिक्षक मोहन शर्मा, हेमंत कश्यप, प्रभाकर ताम्रकार, सुरेंद्र देवांगन, नारायण बंजारे व ग्रामीण जन मोहन चंद्रवंशी, कोटवार कौशल मानिकपुरी, सरपंच छोटू राम चंद्रवंशी, भुलाऊ मंडल, रमेश, कलाप सिंह, जगदीश साहू का सराहनीय योगदान रहा।

### शहर व अंचल के किसान गेहूं, चना व मसूर फसल की कटाई कार्य में जुटे



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन समय किसानों द्वारा खेती किसानी कार्य में जुटें हुए है। वहीं किसानों की फसल गेहूं, चना और मसूर फसल परिपक्व होकर खेतों में तैयार हो चुके हैं, जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है वैसे ही जल्द फसल किसानों द्वारा फसल की कटाई जोर-शोर से किसान व मजदूर द्वारा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण किसान व मजदूर सुबह से देर शाम तक फसल कटाई में जुटे हुए है। जिस कारण गांव-गली-मोहल्ले व चौंक चौराहें में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर दिया मतदान करने का संदेश



**हरिभूमि बरबसपुर।** नगर पंचायत पिपरिया स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर पंचायत सीएमओ योगेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं ने पिपरिया नगर में मतदान जन जागरूकता रैली निकाली और तख्तियों पर लिखे अपनी ही सरकार है, वोट देना अधिकार है संदेश और नारों से आम नागरिकों को मतदान करने के प्रति जन जागरूक किया। इस मतदान जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ शासकीय स्कूल से झण्डी दिखाकर हुआ और कस्बें के मुख्य गली मोहल्ले व चौक चौराहों तथा हाट बाजारों व मुख्य मार्गो से होती हुई रैली वापिस विद्यालय पहुंची। जहां स्कूली विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर वोट का सिम्बल बनाया साथ ही मतदान जन जागरूकता के पोस्टर भी बनाए। स्कूली छात्र छात्राओं ने शपथ ली कि वो मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आस-पास और गांव के लोगों को जागरूक करेंगे, जिससे मतदाता प्रतिशत में बढोतरी हो सकेगी। इस मौके पर विद्यालय के बिहारी दास वैष्णव शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### नगरीय इलाकों के बाद अब ग्रामीण इलाकों में दलाली की पैठ बढ़ी

# जिला निर्माण बाद भू-माफिया कर रहे जगह-जगह अवैध प्लाटिंग

*स्टेट हाईवे से लगी जमीनों पर गिद्ध दृष्टि : जिले की स्टेट हाईवे से लगी लाखों करोड़ों की जमीन पर भू-माफियाओं की गिद्ध दृष्टि जमी हुई है। स्टेट हाइवे से लगी जमीनों पर जमीन दलालों की पैनी नजर बनी रहती है और पक्की सड़क किनारे शासकीय जमीनों की जानकारी संबन्धित हल्का पटवारियों से भू माफिया ले लेते है साथ ही उस शासकीय जमीनों के आसपास खेती करने वाले भोलेभाले किसानों को बड़ा लालच देकर पहले जमीन का सौदा करते है उसके बाद बिना डायवर्सन और प्लाटिंग संबन्धित शासकीय नियमों का पालन किए बिना पटवारियों को मोटी रकम देकर टुकड़ों में नक्शा कटवाकर खेत जमीनों मे अवैध प्लाटिंग कर बेचना शुरू कर देते है। मामले में कुछ पटवारियों की भूमिका भी संदेहजनक है।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला निर्माण के बाद जिले में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग के खेल में चांदी काटने भू-माफिया पूरी शिद्दत से सक्रिय है। आज की स्थिति में आलम यह है कि शहर सहित आसपास के लोकल जमीन दलाल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग भिलाई, राजनांदगांव व कवर्धा सहित बड़े शहरों के दलालों के साथ मिलकर नियम विरुद्ध जमीन से चांदी काटने का काम कर रहे है। नवगठित जिले के शहरी क्षेत्रों में शासकीय जमीनों पर भी इन भू माफियाओं की नजर गिद्ध की तरह गड़ी हुई है।

इसके लिए बकायदा प्लानिंग बनाकर काम किया जा रहा है। शासकीय जमीनों में अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग पर कोई ठोस कारवाई नही होने के कारण भूमाफियाओं की नजर अब ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ गई है जहां राजस्व विभाग के कुछ भ्रष्टाचारी पटवारियों से साठगांठ कर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी जमीनों में पहले अतिक्रमण जैसा हालात बना रहे है। राजस्व विभाग के बेसुध अधिकारियों की चुप्पी और भू-माफियाओं से सांठगांठ होने के कारण अवैध प्लाटिंग करने वालों पर ठोस कारवाई नही हो पा रही है। प्रदेश मे भाजपा सरकार बनने के बाद यह अंदेशा लगाया जा रहा था कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के ऊपर शासन का बुलडोजर चलेगा, लेकिन कुछ भाजपा नेता भी पर्दे के पीछे इस खेल में शामिल हैं। अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ ठोस अभियान का अभाव राजस्व विभाग के कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

#### शहर में नहीं दिया ध्यान

राजस्व विभाग की कार्यशैली को लेटलतीफी को लेकर ताजा जानकारी अनुसार पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार द्वारा 7500 वर्गफीट सरकारी जमीन को मालिकाना देने व्यवस्थापन तहत अतिक्रमित जमीन का पंजीयन कराकर मालिकाना दिया है जिसके भूमि स्वामी हक मिलने के बाद कुछ लोगों द्वारा कच्चे मकान दुकान को तोड़कर निर्धारित रकबे से ज्यादा मे निर्माण कराने की शिकायत पर नजूल अधिकारी ने 18 मार्च को पत्र लिखकर जांच दल का गठन किया जिसमें तहसीलदार, आरआई, पटवारी और चैनमैन को तीन दिवस के भीतर मौका निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने कहा था, लेकिन राजस्व विभाग के कतिपय कर्मचारियों की कार्यशैली कहे या लापरवाही कि मौका निरीक्षण रिपोर्ट अधिकारी की टेबल में दो महीने बाद पहुंचा। आचार संहिता में व्यस्तता के चलते अधिकारी व्यस्त है जिसका लाभ पूरी तरह से व्यवस्थापित अतिक्रमणकर्ता उठा रहे है। नपा को उक्त संबंध मे कारवाई का अधिकार है, लेकिन नपा भी निर्धारित रकबे में निर्माण को लेकर अपने ही द्वारा जारी अनुज्ञा पत्र से ज्यादा सरकारी जमीन मे मकान दुकान निर्माण होते देखने के बाद चुप्पी साधे हुए है। मामले को लेकर राजस्व और नपा का अपना अपना पक्ष है। नपा अधिकारियों का कहना है कि राजस्व विभाग ने जॉच कराया है तो कारवाई वही करेंगे जबकि राजस्व विभाग का कहना है कि नगरीय क्षेत्रों में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत पर नपा 24 घंटे के भीतर कारवाई कर सकती है नपा अधिनियम में इसके बारे मे स्पष्ट निर्देश है। शहरी क्षेत्र में सारी चीजे स्पष्ट होने के बाद कारवाई को लेकर जब यह हालत है तो आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भू माफियाओं के खिलाफ कारवाई की बात आम आदमी को दिमाग में लाना ही नही चाहिए।



# खाद दुकान में सभी प्रकार के खाद उपलब्ध किसानों में उत्साह

- गर्मी धान व गन्ना नौनिहाल फसल को मिलेगी संजीवनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय कवर्धा अंतर्गत ग्राम जेवड़न खुर्द स्थित शासकीय सोसायटी खाद गोदाम संचालित हो रहा है, जिसमें आसपास क्षेत्र के गरीब किसान को सभी प्रकार के खाद उठाव कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खाद गोदाम में सुपर फास्फेट पोटाश, यूरिया, डीएपी व अन्य खाद उपलब्ध होनें से किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठें है। वहीं ग्राम जेवड़न खुर्द के किसान गर्मी फसल धान और हरा सोना गन्ना फसल नौनिहाल के लिए खाद डालने का काम जोर शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय खाद दुकान में सभी प्रकार की खाद उपलब्ध होने से किसानों को लाभ व किसानों के चेहरे में रौनक सा छाई है।

# प्रदेश में विलुप्त होने की कगार पर चूल्हे से भोजन बनाने की परंपरा



- आधुनिक उपकरणों की तुलना में चुल्हे से बने भोजन से ज्यादा स्वादिष्ट व पोष्टिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

आज हम जितने आधुनिक होते जा रहे है, उतने ही अपनी कला व संस्कृति तथा कार्यों को भूलते जा रहे है। प्रदेश में लोग पहले चूल्हे से खाना बनाया करते थे, लेकिन आज का युग आधुनिक युग होने के कारण लोग गैस सिलेंडर, हिटर, इंडेक्शन, तथा अन्य आधुनिक मशीनों से भोजन बनाया जाता है, जो कुछ हद तक पर्यावरण तथा पर्यावरण के ओजोन परत के छरण के लिए सही भी है, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी है आए दिन टीवी और अखबारों में देखने व सुनने को मिलता है की गैस सिलेंडर के फटने से परिवार के सदस्यों की मौत, खाना बनाने के आधुनिक उपकरणों से करंट लगने से मौत हुई। मिली जानकारी के अनुसार आज भी प्रदेश के कई अन्दरुनी ग्रामीण क्षेत्रों में चुल्हे से भोजन बनाया जाता है। चूल्हे से बना भोजन आज के आधुनिक उपकरणों की तुलना में बने भोजन से ज्यादा स्वादिष्ट व पोष्टिक होता है। अग्नि का हस्तांतरण कर चुल्हा सुलगाने की परम्परा सदियों पुरानी है, जो आज भी छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों मे देखने को मिलती है।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजयुमो तैयार, विधानसभा स्तरीय बैठक में शामिल हुए रवि भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी अब मोर्चा प्रकोष्ठ स्तर पर भी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने में लगी है।

इसी कड़ी में भाजयुमो ने राजनांदगांव लोकसभा के लिए विधानसभा स्तरीय बैठक आहूत किया था, जिसमें स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में युवाओं ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय की जीत सुनिश्चित करने रणनीति बनाई। बैठक में युवाओं को चार्ज करने पहुचें भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने युवाओं को कहा इतिहास गवाह है जब जब युवा शक्ति कुछ ठान लेता है तो वह मकसद में कामयाब हो जाता है। उन्होंने कहा वैसे तो लोकसभा चुनाव देश का चुनाव है मोदी के 10 वर्षो में भारत ने जिस गति से विकास किया है देश के एक-एक हितग्राहियों तक शासन के योजनाओं को पारदर्शी ढंग से पहुंचाया है और देश में ऐतिहासिक निर्णय वाले कानून लाए हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से हम यही कहने जा रहे है जिनके नेतृत्व में पीएससी घोटाला हुआ, महादेव सट्टा एप के चलते सैकड़ो युवा बुरी लत में अपना घर बरबाद कर बैठे, हजारों युवा जिन्हें बेरोजगारी भत्ता के नाम पर 5 साल ठगा गया वे युवा अब अपना हिसाब मांगेगे?

उन्होंने कहा कवर्धा की जनता ने अभी मो. अकबर को सच्चाई से सामना कराया है अब मो. अकबर के आका कांग्रेसियो के ढग काका की बारी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री को पूरा देश 400 पार का मन बना चुकी है। राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडेय को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने अपील की गई। उन्होंने बैठक में चुनाव के दृष्टि से युवामोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक पर विस्तृत चर्चा की।




इस दौरान बड़ी संख्या मे भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित चार विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## 5 अप्रैल को जिलेभर में मां कर्मा जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में 5 अप्रैल को भक्त संत शिरोमणि मां कर्मा की जयंती पाप मोचनी एकादशी को प्रत्येक वर्षोनुसार की भांति इस वर्ष 5 अप्रैल को पूरे जिले भर में मां कर्मा जयंती भव्य और अविस्मरणीय मनाया धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में जिला अध्यक्ष शीतल साहू ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्रामों में एक समय में ही मां कर्मा की महाआरती और प्रसादी का वितरण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, सर्वप्रथम प्रातः काल भव्य कलश शोभा यात्रा व मां कर्मा की महाआरती और अतिथियों द्वारा मां कर्मा की जीवनी पर संबोधन पश्चात खिचड़ी महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। उक्त दिवस कार्यक्रम में सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और 5 अप्रैल को संध्या काल अपने घर-आंगन पर पांच दीप शाम 6:30 बजे एक साथ जलाकर दिवाली की तरह रोशन करेंगे। साहू समाज के अधिष्ठात्री देवी संत शिरोमणि भक्ति माता कर्मा देवी की जयंती अपने परिवार के साथ पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाने सामाजिक पदाधिकारियों व माताओं- बहनों से अपील की गई। जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष कौशल साहू ने बताया कि साहू वंश की आराध्या मां कर्मा देवी के जीवन पर आधारित मेरी मां कर्मा फिल्म 5 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर सभी सिनेमा घरों में प्रसारित होगी समस्त साहू समाज से अपील की गई है की हर घर यह संदेश पहुंचाएं और अधिक से अधिक समाज जन एवं अपने परिवार व मित्रों के साथ फिल्म देखने अपील की गई।

### सभी युवा व अन्य वोटरों से देशहित में मतदान करने अपील की गई


# देश की युवा शक्ति चाहती है, रोजगार व आत्मनिर्भरता की राह खोलने वाला ही हमारा नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। दोनों पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। प्रत्याशी से लेकर संगठन के अन्य पदाधिकारी जनसंपर्क कर अपने-अपने पार्टी की नीति और प्रत्याशियों की खूबी को लेकर प्रचार-प्रसार व जोर शोर से पसीना बहा रहे हैं। उधर वोटर भी अपना मन बना रहे हैं, लोकसभा चुनाव और वर्तमान में खड़े प्रत्याशियों को लेकर शहर से लेकर गांवों तक में चर्चाएं हो रही है।


मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव लोकसभा में सबसे ज्यादा महिला और युवा वोटर हैं। इनके वाटों के भरोसे ही प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। ऐसे में गांव व शहर के कुछ युवाओं के बीच जाकर निर्वाचन, राजनीति और चुनावी मुद्दों को लेकर उनसे चर्चा किया। शहर के युवाओं ने बेबाकी से अपनी बात रखी।

युवाओं ने कहा देश की बागडोर भले ही किसी भी राजनीतिक पार्टी को मिले। अहम मुद्दा बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, बेरोजगारी और देश में कानून व्यवस्था, जिसके सुधार में राजनीति नहीं होनी चाहिए। जब बात देशहित की हो तो वहां राजनीति करने के बजाए एकमत होकर काम करने की रणनीति बननी चाहिए। उन्होंने आखिर में सभी युवा और अन्य वोटरों से देशहित में मतदान करने कि अपील की।



#### महिलाओं के हित में काम करने वाला हो: हेमकुमारी बंजारे

केन्द्र सरकार द्वारा भले ही महिलाओं के लिए संसद में आरक्षण का विधेयक पास करा लिया गया हो, लेकिन इसके बावजूद महिलाओं की तरक्की और विकास के लिए योजनाएं बनना आवश्यक है। आने वाला सरकार महिला उत्थान के लिए पर्याप्त कार्यक्रम बनाए ताकि उन्हें समाज और परिवार में सही स्थान मिल सके। हमारा नेता ऐसा हो जो पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सके।



#### सड़कें बना देना ही विकास नहीं: सपना खाण्डे


शहरीकरण के नाम पर गांवों तक सड़कें बना देना विकास की परिभाषा नहीं है। गांवों में अच्छे वातावरण में स्कूल-कॉलेज खुले। वहां शिक्षकों की व्यवस्था हो, अस्पताल हो, वहां उपकरण और डॉक्टरों की नियुक्ति हो। नशाखोरी पर लगाम लगे, कानून व्यवस्था में सुधार हो।



#### जीतने के बाद नहीं देखते मुड़कर: टोकेश्वर कोसले

चुनावों के दौरान सभी उम्मीदवार वोट के लिए घर-घर पहुंचकर आम जनता को मतदान अपने पक्ष में करने को कहता है लेकिन चुनाव जीतने के पश्चात वह दोबारा मुड़कर नहीं देखता। ऐसे में हम युवाओं को चुनाव के समय अपना कीमती वोट सोच समझकर सहीं उम्मीदवार को देना होगा। चुनाव के बाद भी हमारे समस्याओं को समझ सके और दूर करने का प्रयास करे। हम ऐसे ही प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे।

#### सरकार पर कर्ज लेने की सीमा तय हो: याजीत घृतलहरें



चुनावों में राजनीतिक पार्टी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले घोषणा पत्र के वायदों को पूरा करने के लिए देश के पैसों का उपयोग न करें। सत्ता में काबिज किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए कर्ज लेने की एक सीमा होनी चाहिए। ताकि अपनी चुनावी घोषणा को पूरी करने सरकार देश की जनता को कर्ज में न डुबा सके।

#### युवाओं के भविष्य की करें परवाह: नोहर कोसरिया



लोकसभा चुनाव में ऐसे नेता को चुनाव करना आवश्यक है जो युवाओं के भविष्य को संवारने वाला हो। युवाओं की रोजगार, स्व रोजगार और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने वाला हो। वर्तमान में कवर्धा क्षेत्र में गरीबों के साथ साथ सामान्य वर्गों को साथ लेकर आने की जरूरत है। ऐसा करने से ही कवर्धा में सभी वर्गों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकेगा।

# 5वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सिंगारपुर जंगल संकुल दैहानडीह में शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत 15 छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा चौंथी के छात्र-छात्राओं द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। शिक्षा सत्र 2023-24 कक्षा 5वी के छात्र-छात्राओं द्वारा शाला को मां सरस्वती की मूर्ति एवं मंदिर अपनी चिन्ह स्वरुप भेंट किया गया। इस विदाई समारोह को सफल बनाने में शाला के प्रधान पाठक रामाधीन साहू, शिक्षक संजय ध्रुर्वे, चंद्रभान ठाकुर साथ ही साथ शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ व छात्र छात्राओं सहित पालक गण व ग्रामवासियों को योगदान रहा।



ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### वृद्धजनों को डाक मतपत्र जारी करने बैठक

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को ईडीसी, दिव्यांगजनों, 85 प्लस वृद्धजनों को डाक मतपत्र जारी करने के संबंध में बैठक आयोजित किया गया है। बैठक 04 अप्रैल को दोपहर 01 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर अघतन जानकारी के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

### निर्वाचन के संबंध में बैठक आज

**कवर्धा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में 04 अप्रैल 2024 प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पालन समय-सीमा में किए जाने वाले कार्य पर अब तक क्या-क्या कार्यवाही किया गया है तथा आगामी क्या-क्या कार्यवाही करने के संबंध में चर्चा की जाएगी। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर अघतन जानकारी के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

### मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज मान्य

**कवर्धा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। उन्होने कहा कि ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं केंद्र सरकार, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड एवं सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### निर्वाचन के संबंध में बैठक आज

**कवर्धा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज की अध्यक्षता में कबीरधाम जिले के निजी चिकित्सालयों एवं आईएमए सदस्यों की बैठक का आयोजन आज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में किया गया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य शासकीय व निजी चिकित्सालयों के मध्य समन्वय स्थापित कर सुचारू रूप से संचालन करना तथा निजी चिकित्सालय से सहयोग प्राप्त करने तथा उनके शिकायत व सुझाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत नए पोर्टल में सोनोग्राफी की रिपोर्ट किए जाने व गर्भवास्था का चिकित्सकीय समापन (एमटीपी एक्ट) कर कल्याणी एप में आवेदन करने तथा नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत समस्त चिकित्सालयों को एक्ट का पालन करने निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि सभी निजी चिकित्सालयों को आपसी सहयोग कर संक्रामक रोगों के रोकथाम व रेबीज टीकाकरण के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए।

**समस्या:** भोरमदेव अभ्यारण से भटकर ग्राम अमलीडीह पहुंचा हिरण

# बढ़ती गर्मी के साथ जंगलों में वन्यप्राणी भी बेचैन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच हर बार की तरह इस बार फिर जिले के जंगलों से वन्यप्राणियों का भटक कर आबादी क्षेत्रों में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम अमलीडीह में भोरमदेव के जंगल से भटक कर एक हरिण पहुंच गया।

बताया जाता है कि गांव के आबादी क्षेत्र में पहुंचे हिरण पर जैसे ही ग्रामीणों की नजर पड़ी उन्होने हरिण को दौड़ाना शुरू कर दिया। लोगों की भीड़ को देख डरा, सहमा हिरण भी गांव के खेत खलिहानो में काफी देर तक दौड़ता भागता रहा है लेकिन ग्रामीणों के हांथ नहीं आया। बाद में ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अमले ने ग्रामीणों की मदद से काफी मसक्कत के बाद जैसे तैसे हिरण को वापस भोरमदेव के जंगल में खदेड़ने में सफलता हांसिल की। इसे गनीमत ही कहें की जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में पहुंचा हिरण सुरक्षित जंगल में वापस लौट गया। क्योंकि इससे पूर्व के मामलों को देखा गया है कि ऐसे बहुत ही कम खुशनसीब वन्य प्राणी होते हैं जो जंगलों से भटककर आबादी क्षेत्रों में आने के बाद सुरक्षित जंगलों में लौट पाते हैं। या तो गांव के ही लोग उनका शिकार कर लेते हैं या फिर वे गांव के आवारा कुत्तों के शिकार बन जाते हैं।

## जिले के जंगलों में बढ़ रहा जल संकट



यहां बताना लाजिमी होगा कि बढ़ती गर्मी के साथ जंगलों में मौजूद प्राकृतिक जल स्त्रातों का पानी तेजी से घट रहा है वहीं कई जल स्त्रोत तो अप्रैल माह के शुरूआती दिनो में ही दम तोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि यही वजह है कि वन्य प्राणी पानी की लताश में भटकते हुए जंगलों से लगे आसपास के गांवों में पहुंच रहे हैं। इसकी एक वजह ग्रीष्म ऋतु के दौरान जंगलों में प्राकृतिक रूप से अथवा मानवीय चूक के कारण लगने वाली आग भी है। क्योंकि जंगलों में आग लगने के बाद वन्य प्राणी न सिर्फ भयभीत हो जाते हैं बल्कि शाकाहारी वन्यप्राणी की खुराक भी नष्ट हो जाती है और मजबूर उन्हें भोजन पानी के लिए भटकना पड़ता है। ऐसे में बेहतर होगा कि वन विभाग को इसकी सुध लेते हुए जंगलों में वन्यप्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। और जंगलों में लगनी वाली आग को रोकने की व्यवस्था करनी चाहिए। क्योंकि शासन हर साल इसके लिए विभाग को लाखों का फंड उपलब्ध कराती है।

# चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने पर 24 कर्मचारियों को थमाया नोटिस

■ लापरवाह कर्मचारियों से दो दिनो में मांगा गया जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले के संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य चल रहा है। मतदान दलों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए 24 कर्मचारियों को प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दलों में प्रधान पाठक, व्याख्याता, सहायक शिक्षक, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3 सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य कार्यालयीन स्टाफ को नोटिस जारी किया गया है।जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि स्वामी करपात्री उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा में गत दिनों दो पालियों में मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमे अलग-अलग श्रेणी के 24 कर्मचारी प्रशिक्षण में उपस्थित नही हुए जबकी उन्हें पूर्व से सूचना दी गई थी। अनुपस्थित कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत कार्य करते हुए शासकीय कार्यों में उदासीनता लापरवाही एवं कदाचरण के आरोप में स्पष्टीकरण जारी किया गया है। यदि जवाब समाधान कारक नहीं पाया जाता है तो इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्योंकि निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छाचारित एवं लापरवाही की गई है।

## अमित शाह 6 को कवर्धा में



**कवर्धा।** मतदान की नजदीकियों को देखते हुए अब जिले के विधानसभाओं में राजनैतिक दलों के शीर्ष नेताओं के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू होने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इसकी शुरूआत भाजपा द्वारा की जा रही है। आगामी 6 अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कवर्धा पहुंच रहे हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू के मुताबिक श्री शाह राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में स्थानीय सरदार पटेल मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसकी भाजपा द्वारा जोरदार तैयारियां की जा रहा है। उनके साथ डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी रहेंगे।

# क्या चुनाव की भेंट चढ़ जाएगा भोरमदेव महोत्सव?

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के ऐतिहासिक, पुरात्तव, धार्मिक, पर्यटन और जन आस्था से जुड़ भोरमदेव मंदिर का महोत्सव लगता है कि इस बार लोकसभा चुनाव की भेंट चढ़ जाएगा। क्योंकि अभी तक प्रशासन ने महोत्सव को लेकर कोई तिथियों का ऐलान नहीं किया गया है। जबकि तेरस के रोज से प्रारंभ होने वाला भोरमदेव के मेला को अब महज कुछ ही दिन शेष रह गए है। इस बार तेरस 7 अप्रैल को पढ़ने वाली है और इसी दिन भोरमदेव का मेला आयोजित किया जाता है कि जिसके साथ प्रशासन द्वारा भोरमदेव महोत्सव का भी आयोजन किया जाता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला प्रशासन द्वारा हर साल भोरमदेव महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय के साथ बाहरी कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाती है। एक तो भोरमदेव महोत्सव उस मेला का शानदार आयोजन लोगों को बरबस ही अपनी ओर खींचता है। यहीं वजह है कि इस आयोजन का इंतजार न सिर्फ जिलेवासियों को बल्की प्रदेश के कलाकारों के साथ आम लोगों को बड़ी बेसर्बी से रहता है। लेकिन ऐसा लगता है कि इस बार यह महोत्सव लोकसभा चुनाव की भेंट चढ़ जाएगा। क्योंकि अभी तक प्रशासन ने भोरमदेव महोत्सव को लेकर न तो अपनी तैयारियां प्रारंभ की है और न ही इसकी तिथि का ऐलान किया गया है।

### पूर्व में भोरमदेव महोत्सव बना था मतदाता जागरूकता अभियान का माध्यम

यहां बताना लाजिमी होगा कि वर्ष 2019 के में भी लोकसभा चुनाव चुनाव के बावजूद तात्कालिन कलेक्टर अवनीश शरण के दिशा निर्देशों में भोरमदेव महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था। इतना ही नहीं तात्कालिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शरण ने भोरमदेव महोत्सव के दौरान लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत मतदाता जागरूकता के अलग-अलग आयोजन किए गए थे और इसका अच्छा प्रतिशाद मिला था। ऐसे में इस बार भी भोरमदेव महोत्सव का आयोजन होना चाहिए।

# मकान क्षतिपूर्ति पाने पांच माह से बाट जोह रहा है लकवाग्रस्त दिव्यांग

## प्रशासनिक कसावट के आभाव का दंश झेल रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सत्ता परिवर्तन के बाद जिले की विधानसभाओं में चुने गए नए औहदेदार जनप्रतिनिधियों के लाख दावों और तथाकथित प्रयासों के बाद भी जिले के प्रशासनिक तंत्र में कसावट नाम की चीज नहीं दिखाई दे रही है।

आलम ये है कि ग्रामीण अपने छोटे-छोटे सरकारी कामो के लिए शासकीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनका काम नहीं हो रहा है। काम होना तो दूर जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी प्रार्थियों को सही जवाब देने तक को तैयार नहीं है। इतना ही नहीं जब ऐसे लापरवाह और गैर जिम्मेदार कर्मचारियों की शिकवा शिकायत वरिष्ट अधिकारियों से की जाती है और अधिकारी उनसे जवाल जवाब करते हैं तो कर्मचारी अधिकारी तक को गैरजिम्मेदाना ढंग से जवाब देने में कोई गुरेज नहीं करते।

ऐसा ही एक मामला जिले की पंडरिया विधानसभा अंतर्गत कुकदुर तहसील से सामने आया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कोदवागोड़ान निवासी संजीव कुमार पिता स्व. फूलचंद पाण्डेय का वर्ष 2023 में वर्षाकाल के दौरान हुई भारी बारिश में मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लकवाग्रस्त एवं दिव्यांग श्री पाण्डेय ने इस क्षति के बाद क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर ग्राम पंचायत एवं पटवारी प्रतिवेदन सहित फोटो आदि सभी औपचारिकताएं पूरी कर स्वयं हल्का पटवारी श्री कामड़े को अक्टूबर/नवम्बर 2023 के समक्ष आवेदन जमा किया गया था। लेकिन पार्थी श्री पाण्डेय की माने तो उनके द्वारा दिए गए क्षतिपूर्ति के आवेदन पर आज तलक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस संबंध में उन्होने कई बार हल्का पटवारी से भी चर्चा की लेकिन हर बार पटवारी यही कहता रहा कि उनका आवेदन तहसील कार्यालय भेज दिया गया है। लेकिन जब आर्थिक और शारीरिक रूप से लाचार श्री पाण्डेय को कोई और रास्ता नहीं सूझा तो उन्होने प्रकरण की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय विधायक से क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई। बताया जाता है कि क्षेत्रीय विधायक की पहल पर कुकदुर तहसीलदार को प्रकरण की जानकारी दी और कार्यवाही करने कहा जिस पर तहसीलदार ने संबंधित पटवारी को कार्यालय में तलब किया और आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में जानकारी मांगी जिस पर पटवारी ने पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना ढंग से जवाब देते हुए कह दिया कि उसे याद नहीं कि उसने प्रार्थी का आवेदन तहसील कार्यालय में भेजा था या नहीं। इस प्रशासनिक व्यवस्था और उसके नुमाईदों की इस घोर लापरवाही तथा गैर जिम्मेदारी को देखकर समझा जा सकता है कि सत्ता सरकार जरूर बदलती है लेकिन प्रशासनिक ढर्रे में बदलाव लाने की रूचि कोई नहीं दिखाता। जिसका खामियाजा आज एक लकवाग्रस्त दिव्यांग और उसका परिवार भुगत रहा है। क्योंकि पटवारी ने तो याद नहीं कहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन कर दिया। अब प्रार्थी को आगे कितना और संघर्ष करना पड़ेगा यह भगवान जाने। बेहतर होता कि जिले के आला प्रशासनिक अधिकारी इस प्रकरण में मानवता दिखाते हुए जल्द से जल्द प्रकरण का निराकरण कर पीड़ित को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की पहल करें।

# नि:शुल्क ऑनलाइन क्लास से बच्चों को हुआ लाभ नवोदय में 9 का चयन

■ व्याख्याता त्रिभुवन राम साहू की रंग लाई मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के ग्राम बामी में संचालित शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ व्याख्याता गणित त्रिभुवन राम साहू द्वारा ग्राम रक्से में संचालित निःशुल्क प्रज्ञा ज्ञानोदय केन्द्र में अध्यनरत 9 बच्चों को चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि बच्चों का भविष्य संवारने के अपने मिशन में जुटे व्याख्याता त्रिभुवन साहू बच्चों को न सिर्फ नवोदय चयन परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग देते हैं बल्कि वे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी निःशुल्क ऑनलाईन तैयारी कराते हैं। उनके द्वारा इन दिनो प्रयास विद्यालय की सम्पूर्ण तैयारी और शिक्षक भर्ती व अन्य भर्ती परीक्षा के लिए गणित और कम्प्यूटर की ऑनलाईन क्लास नियमित चल रही है।

प्रज्ञा ज्ञानोदय केंद्र रक्से के संचालक त्रिभुवन राम साहू ने बताया कि इस वर्ष 2024 की नवोदय परीक्षा के लिए जिन 9 विद्यार्थियों को चयन उनकी निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग क्लास से हुआ है उनमें प्रतीक साहू जिला कबीरधाम, पुष्पेंद्र छेदावी जिला कबीरधाम, विहान शाह मेरावी जिला कबीरधाम, वासु सोनी जिला बिलासपुर, ओम भारतद्वाज जिला बिलासपुर, आयुष पटेल जिला बिलासपुर, शिवम सिन्हा जिला बालोद, लीना साहू जिला बेमेतरा तथा विभा कोर्राम जिला राजनांदगांव शामिल हैं। श्री साहू ने इन सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए बाजार चारभांठा चौकी पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 07 पौवा जम्मू स्पेशल विस्की शराब जप्त की है आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार चारभांटा चौकी पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चौकी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेंच रहा है। इस सूचना पर चौकी प्रभारी तारन दास डहरिया के नेतृत्व तत्काल एक टीम गठित कर मौके पर दबिस दी गई और आरोपी शत्रुहन कौशिक पिता स्व. लतेल कौशिक आयु 55 वर्ष ग्राम बाजार चारभाठा चौकी बाजार चारभाठा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम को अपने कब्जे में लेकर तलाशी के दौरान एक गुलाबी काला रंग के गमछा को चेक करने पर उसमें बांध कर रखे 07 पौआ जम्मू स्पेशल मदिरा शराब,प्रत्येक 180 एमएल कीमती 840 रूपए व बिक्री रकम 280 रुपए जुमला 1120 रुपए बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार कर मामला जमानतीय होने से विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को जमानत पर छोड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध चौकी बाजार चारभाठा थाना कवर्धा मे अपराध क्रमांक 250/24 आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1)ख, के तहत विधिवत कार्यवाही कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी तारन दास डहरिया प्रधान आरक्षक सतीश चंद्रवंशी, हरिशंकर सुमन आर गीता राम श्रीवास,यशवंत मेरावी का विशेष योगदान रहा।



**आने वाले दिनों में लोगों के साथ मवेशियों व वन्यप्राणियों की बढ़ सकती है मुसीबतें**

# भीषण गर्मी से सूख रहे अंचल के जल स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु के शुरूआती तेवरों को देखकर ये कहना बिलकुल भी गलत नहीं होगा कि इस बार आने वाले दिनो में लोगों के लिए ग्रीष्म ऋतु का एक-एक दिन काटना बेहद मुस्किल होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने भी इस बात का संकेत पहले ही दे दिया है कि इस बार गर्मी बीते कई सालों के रिकार्ड तोड़ सकती है।

वहीं अभी से इसके लक्षण भी साफ दिखने को मिल रहे हैं। क्योंकि अभी मार्च का महिना ही बीता है और अप्रैल माह का पहला हप्ता ही शुरू हुआ है लेकिन इन दिनों सुबह से लेकर शाम तक लोगों को एक समान चटख धूप और झुलसा देने वाली भीषण गर्मी तथा गर्म हवाओं के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ये है कि खुले आसमान के नीचे पलभर भी खड़ा होना मुस्किल हो रहा है। भीषण गर्मी का विपरीत



प्रभाव जहां लोगों के खान-पान, रहन-सहन, दिनचर्या पर पड़ रहा है वहीं इसका सार्वधिक असर उन जल स्त्रोतों पर भी देखने को मिल रहा है जिनके बगैर लोगों की निस्तारी या यूं कहें जीवन टिका है। दिनभर की तपिस के चलते इन जल स्त्रोतों से पानी बड़ी तेजी से गायब हो रहा है और नदी, नाले तथा तालाब सूख रहे हैं।

इसकी एक बानगी जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में देखने को मिलने लगी है। जानकारी के मुताबिक जहां गांव के आम निस्तारी के प्रमुख स्त्रोत कहे जाने वाले तालाब तेजी से सूख रहे हैं वहीं वनांवल के प्राकृतिक जल स्त्रोतों का पानी भी तेजी से गायब हो रहा है। इसी प्रकार मैदान तथा पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों पेयजल उप लब्ध कराने का प्रमुख साधन कहे जाने वाले हैण्ड पंपों की धार भी अब पतली होते जा रही है। जिसे देखते हुए आशंका जताई जा रही है की आने वाले दिनो में लोगों के साथ मवेशियों और वन्यप्राणियों को भी पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

# छिरहा स्कूल में मतदान के महत्व पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा सदस्य के निर्वाचन के लिए होने वाले मतदान को दृष्टगत रखते हुए जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान का महत्व बताया गया. विद्यार्थियों व शिक्षकों ने अपने परिवार व आसपास के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

तत्पश्चात मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामवासियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान महिला पुरुष हो या दिव्यांग, शत-प्रतिशत करें मतदान के नारों की गूंज सुनाई दिया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि वोट देने का अधिकार लोकतंत्र की आधारशिलाओं में से एक है, जो व्यक्तियों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अपनी बात कहने का अधिकार देता है।

वोट देने के अधिकार का प्रयोग करके हम समानता, स्वतंत्रता और जवाबदेही के सिद्धांतों को कायम रखने वाले लोकतांत्रिक ढांचे में भी योगदान करते हैं। अतः सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए. कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।